Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 237 | शुक्रवार, 29 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बारिश का कहर जारी

# जम्मू-कश्मीर, पंजाब, असम से ओडिशा-तेलंगाना तक पानी-पानी

**नई दिल्ली।**

देश के कई हिस्सों में बारिश का कहर जारी है। पंजाब, असम, गुवाहाटी के कई इलाकों में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित हुआ है। छत्तीसगढ़ में 8, तेलंगाना और ओडिशा में 7 लोगों की मौत होने की खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक इस हफ्ते भी राहत के आसार नहीं हैं। आपदा राहत के तौर पर जम्मू में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेलवे ने विशेष ट्रेन चलाई है। जानिए आपके शहर में कैसा रहेगा मौसम का मिजाज देशभर में मानसूनी बारिश का कहर बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। भारी बारिश के चलते पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, असम, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक के कई इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए। पंजाब के आठ जिले पिछले चार दिनों से बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में अब तक 8 मौतें हो चुकी हैं। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में 2,000 से




अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। असम के गुवाहाटी में कई रिहायशी इलाके पानी में डूबे हैं। तेलंगाना के राजन्ना सिरसिला जिले में भारी बारिश के बीच, सेना के हेलिकॉप्टरों ने अपर मनैर परियोजना के पास फंसे कई लोगों को बचाया। हकीमपेट से भी सैन्य हेलिकॉप्टरों ने फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। हालांकि पिछले दो दिनों से बारिश और भूस्खलन का कहर झेल रहे जम्मू-कश्मीर को बृहस्पतिवार को बारिश से राहत मिली, जिसके कारण बाढ़ प्रभावित इलाकों में बचाव कार्य में तेजी आई है। रेलवे ने फंसे पर्यटकों को सुरक्षित निकालने के लिए नई दिल्ली से जम्मू के लिए एक विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाई है।

दरअसल जम्मू में भारी बारिश के कारण रेल और सड़क यातायात बुरी तरह बाधित होने से बड़ी संख्या में लोग और तीर्थयात्री फंसे हुए हैं। जम्मू के रेलवे जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने बताया, फंसे हुए पर्यटकों की मदद के लिए बृहस्पतिवार दोपहर करीब 2 बजे जम्मू से दिल्ली के लिए एक अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाई गई। जम्मू में बुधवार सुबह तक 24 घंटों की इतिहास की सबसे अधिक 380 एमएम बारिश दर्ज की गई जबकि कटरा में बुधवार सुबह तक 284 एमएम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार तेलंगाना, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, केरल और कर्नाटक में 29 अगस्त को भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। अगले 7 दिनों में उत्तर और पश्चिम भारत के अधिकांश इलाकों में मानसून सक्रिय बना रहेगा। यहां कई इलाकों में भारी वर्षा हो सकती है।

## आफत अभी टली नहीं : जम्मू-कश्मीर में आज से पांच दिन फिर ऑरेंज अलर्ट



**जम्मू।**

बारिश की सूरत में लोगों को जलस्थलों के पास न जाने की हिदायत दी गई है। इस बीच वीरवार को प्रदेश में लगभग मौसम साफ रहा। मौसमी आफत का खतरा अभी टला नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने अगले पांच दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें 29 अगस्त से 2 सितंबर तक कुछ हिस्सों में 100 से 200 मिलीमीटर तक बारिश होने के आसार हैं। इसमें जम्मू संभाग के रियासी, उधमपुर, जम्मू, सांबा और कठुआ जिले अधिक प्रभावित होंगे। संभावित क्षेत्रों में बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन का खतरा रहेगा। बारिश की सूरत में लोगों को जलस्थलों के पास न जाने की हिदायत दी गई है। इस बीच वीरवार को प्रदेश में लगभग मौसम साफ रहा। जम्मू समेत अन्य जिलों में तीन दिन बाद खुलकर धूप खिलने पर लोगों ने राहत महसूस की। जम्मू में दिन में तपिश का अहसास हुआ। यहां आर्द्रता का प्रतिशत 69 रहने से उमस ने भी परेशान किया। यहां दिन का पारा 33.6 और न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बनिहाल में अधिकतम तापमान 29.0, बटोत में 27.0, कटड़ा में 31.2 और भद्रवाह में 28.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कश्मीर में दूसरे दिन मौसम में सुधार हुआ। राजधानी श्रीनगर में दिन का पारा सामान्य से थोड़ा गिरकर 26.7 और न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


## 'अंतरिक्ष उद्यमों में निवेश करें रूसी कंपनियां'

**मॉस्को।** भारत ने रूसी कंपनियों को देश के अंतरिक्ष उद्यमों में निवेश करने और इसके विशाल बाजार का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है। भारतीय राजदूत विनय कुमार ने मंगलवार को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा, "भारत सरकार ने अंतरिक्ष उद्योग में अनुकूल माहौल बनाने के लिए आकर्षक योजनाओं की पेशकश की है।" नई दिल्ली और मास्को के बीच दशकों के अंतरिक्ष सहयोग को याद करते हुए उन्होंने 1975 में सोवियत राकेट पर भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट के प्रक्षेपण, 1984 में सोयुज टी-11 अंतरिक्ष यान पर सवार राकेश शर्मा की यात्रा और गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन पर चल रहे सहयोग का हवाला दिया।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण से लोगों की आयु 8.2 वर्ष घट जाएगी

**नई दिल्ली।**

वायु प्रदूषण का यही स्तर रहा तो लोगों की औसत आयु 8.2 वर्ष घट जाएगी। शिकागो विश्वविद्यालय की वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (एक्यूएलआई) रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में औसत सूक्ष्म कण पदार्थ (पीएम 2.5) का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशा-निर्देश से 20 गुना अधिक है। दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बना हुआ है। वायु प्रदूषण का यही स्तर रहा तो लोगों की औसत आयु 8.2 वर्ष घट जाएगी। शिकागो



**शिकागो विश्वविद्यालय की रिपोर्ट में दावा**

विश्वविद्यालय की वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (एक्यूएलआई) रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में औसत सूक्ष्म कण पदार्थ (पीएम 2.5) का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशा-निर्देश से 20 गुना अधिक है। 2023 में शहर में पीएम 2.5 की मात्रा 111.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी। यह डब्ल्यूएचओ की तय सीमा 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 22 गुना अधिक है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जहरीली हवा के कारण दिल्लीवासियों की जीवन प्रत्याशा में सबसे अधिक कमी आई है, जो विश्व के किसी भी अन्य शहर की तुलना में अधिक है। दिल्ली समेत सिंधु-गंगा का मैदानी क्षेत्र सबसे प्रदूषित है। यहां वायु प्रदूषण से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सबसे ज्यादा हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषित हवा से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर नियंत्रण, औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित और पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की समस्या से निपटना बेहद जरूरी है। शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान (ईपीआईसी) ने 2025 की एक्यूएलआई रिपोर्ट तैयार की गई है। उपग्रह से प्राप्त पीएम2.5 आंकड़ों के आधार पर यह वैश्विक और क्षेत्रीय प्रदूषण के स्तर और मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव का आकलन करती है।

## भारत-अफ्रीका व्यापार 100 अरब डॉलर को पार, 5 वर्षों में लगभग दोगुना



**नई दिल्ली।**

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गुरुवार को बताया कि बीते पांच वर्षों में भारत और अफ्रीका के बीच व्यापार करीब दोगुना हो गया है। 20वें सीआइआइ भारत-अफ्रीका बिजनेस कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच वित्त वर्ष 2019-20 में कुल कारोबार 56 अरब डॉलर था, जो 2024-25 में 100 अरब डॉलर को पार कर गया है। उन्होंने बताया कि 1996 से 2024 के दौरान भारत ने अफ्रीका में 75 अरब डॉलर का कुल निवेश किया है। इसके साथ भारत अफ्रीका में शीर्ष पांच निवेशकों में शामिल हो गया है। कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि भारत ने अफ्रीका में परियोजनाओं के लिए 12 अरब डॉलर से अधिक के रियायती ऋण और 70 करोड़ डॉलर की अनुदान सहायता प्रदान की है।

**अफ्रीकी युवाओं के लिए 50 हजार छात्रवृत्तियां दी**

## भारत सरकार निर्यातकों के साथ... वित्त मंत्री बोलीं

# मदद के लिए मिशन पर काम जारी, हितों की रक्षा...

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी टैरिफ के कारण उपजी चिंताओं के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि निर्यात संवर्धन मिशन शुरू करने पर तेजी से काम हो रहा है। सरकार ने कहा है कि निर्यातकों के साथ वे मजबूती से खड़ी हैं। हितों की हिफाजत होगी। अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ के असर को कम करने के लिए केंद्र सरकार हरसंभव कदम उठा रही है। सरकार ने निर्यातकों को भरोसा दिया कि वह उनके साथ मजबूती से खड़ी है, उनके हितों की रक्षा की जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ का असर अल्पकालिक होगा। समग्र व्यापार और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर दीर्घकालिक प्रभाव सीमित रहेगा। अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न चुनौतियों और चिंताओं को लेकर भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को मिले प्रतिनिधिमंडल को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आश्वस्त किया कि सरकार इस चुनौतीपूर्ण समय में उनकी चिंताएं दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा, निर्यातकों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव उपाय तलाशे जा रहे हैं।



### व्यापार समझौते पर अभी वार्ता जारी नहीं

वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर फिलहाल औपचारिक बातचीत नहीं चल रही है। उन्होंने कहा, बातचीत और जवाबी कार्रवाई साथ-साथ नहीं चल सकती। बातचीत अभी स्थगित नहीं हुई है, लेकिन अभी हम अगले औपचारिक दौर पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। साथ ही कहा कि किसी भी व्यापार समझौते में पहले अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ पर विचार करना होगा।

## भारत-कनाडा रिश्तों में सुधार, नई दिल्ली और ओटावा में नए उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।**

2023 में खालिस्तान समर्थक निज्जर की हत्या पर विवाद के कारण बिगड़े राजनयिक संबंधों के सामान्यीकरण के संकेत देते हुए, कनाडा और भारत ने गुरुवार (28 अगस्त, 2025) को उच्चायुक्तों की नियुक्ति की घोषणा की। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कनाडा के कनानसकीस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अपने



कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से मुलाकात के लगभग ढाई महीने बाद उठाया गया है, जहां दोनों नेताओं ने दूतों की नियुक्ति और संबंधों को उन्नत करने पर सहमति व्यक्त की थी। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि 35 वर्षों के राजनयिक अनुभव वाले विदेश सेवा अधिकारी क्रिस्टोफर कूटर भारत में कनाडा के नए उच्चायुक्त होंगे। वहीं, कुछ घंटे बाद, भारतीय विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा कैडर के दिनेश के. पटनायक शीघ्र ही कनाडा में भारत के उच्चायुक्त का पदभार ग्रहण करेंगे। पटनायक वर्तमान में स्पेन में भारतीय राजदूत हैं।

## रिटायरमेंट, तीन बच्चे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर खुलकर बोले संघ प्रमुख, मोहन भागवत ने कहा- 'भाजपा से कोई झगड़ा नहीं'

**नई दिल्ली।**

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने 75 साल की उम्र में रिटायर होने की अटकलों को खारिज कर दिया। 'संघ की 100 वर्ष की यात्रा: नए क्षितिज' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम दिन सवालों का जवाब देते हुए भागवत ने साफ कहा कि उन्होंने कभी भी 75 साल की उम्र में रिटायर होने की बात नहीं कही थी। न उनके खुद के लिए न ही किसी और के लिए। ध्यान देने की बात है कि मोहन भागवत 11 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। दरअसल उनके एक बयान का हवाला देते हुए 75 साल की उम्र को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए भी जोड़ा जा रहा था। वहीं भागवत ने यह तो स्वीकार किया कि कुछ मुद्दों पर विचार अलग हो सकते है लेकिन भाजपा के साथ मतभेद नहीं है। उनके अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर फैसला खुद भाजपा को लेना है। हालांकि उन्होंने चुटकी भी ली और कहा "हम तय करते तो इतना समय लगता क्या ?" फिर आगे कहा- टेक योर टाइम।( अपने समय से फैसला लीजिए) संघ के तीन दिवसीय कार्यक्रम में गुरुवार को होनेवाले प्रश्नोत्तर काल ही इंतजार किया जा रहा था। खासकर भाजपा के साथ कथित मतभेद और इसके कारण भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में होने वाली देरी और और 75 साल की उम्र में रिटायर होने के मुद्दे पर। लेकिन भागवत ने जहां मतभेद को खारिज किया वहीं यह भी स्पष्ट कर दिया कि संगठन जब तक चाहता है कि नेतृत्व को काम करना होता है।



## संपादक की कलम से

# हिंदू का भागवत विचार

स सरसंघचालक मोहन भागवत ने हिंदू और हिंदुत्व पर लगभग वही विचार रखे हैं, जो वह कई बार कह चुके हैं। भाष्य और संदर्भ भिन्न हो सकते हैं, लेकिन हिंदू ही आरएसएस का बुनियादी विचार है। उसके मायने हिंदू राष्ट्र नहीं हैं। संघ प्रमुख आज भी अखंड भारत की कल्पना में जीते रहते हैं, लिहाजा इस भूखंड के इनसानों और समाजों में हिंदुत्व का ही साझापन मानते हैं। वह साझापन आज भी अखंड भारत के कई हिस्सों को जोडे हुए है, यह संघ का विश्वास है। सरसंघचालक इसीलिए



ललित शर्मा
संपादक

हिंदू को पूर्णत: समन्वयवादी मानते हैं। हिंदू को धर्मनिरपेक्षता की गारंटी मानते हैं। क्या संविधान की प्रस्तावना में से पंथनिरपेक्ष शब्द हटा देना चाहिए, क्योंकि भारत हिंदू-बहुल और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है भागवत का मूल विचार हिंदू है, लेकिन वह मुसलमानों की आत्मा, चेतना, मूल को भी हिंदू मानते हैं। यह दीगर है कि आम या शिक्षित अथवा वैचारिक मुसलमान खुद को हिंदू नहीं मानते। जब भी यह संदर्भ उठता है, तो सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पुराने पन्ने ही पलटने लगती है और द्वि-राष्ट्र की थ्योरी के लिए सावरकर और तत्कालीन संघ प्रमुखों को दोषी करार देने लगती है। बाद में कट्टरपंथी मुसलमान भी द्वि-राष्ट्र चिल्लाने लगे। यह विरासत पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर तक जाती है। बुनियादी सवाल यह है कि सरसंघचालक भागवत हिंदू धर्म या जमात अथवा विचारधारा या जीवन-शैली किसकी बात करते हैं उस हिंदू को धर्मनिरपेक्षता की गारंटी किस आधार पर मानते हैं हिंदू समन्वयवादी है, तो फिर हिंदू राष्ट्र के आह्वान बार-बार क्यों किए जाते हैं ऐसे लोग संघ के ही अंश लगते रहे हैं। संघ के हिंदू को नफरत और सांप्रदायिकता का पर्याय क्यों करार दिया जाता रहा है सरसंघचालक 40,000 साल प्राचीन किसकी बात कर रहे हैं रामायण और महाभारत भी करीब 5000 साल से भी कम पुरानी होंगी! 40,000 साल पहले कोई सभ्यता-संस्कृति रही होगी, हमारा अध्ययन वहां तक नहीं पहुंच पाया है। ऐसे सनसनीखेज आंकड़े देकर सरसंघचालक भागवत क्या साबित करना चाहते हैं कि सनातन, हिंदू का विचार इतना प्रागैतिहासिक है इतना प्राचीन तो कोई अंधकारकाल ही हो सकता है, जिसके दौरान शिक्षा, भाषा, लेखन और मानवीय संस्कार नहीं रहे होंगे! फिर संघ-प्रमुख किसे उद्धृत कर रहे थे वैसे फ्रीडम हाउस की रपटें स्पष्ट करती रही हैं कि जहां हिंदू (विचार और व्यक्ति) है, वहां लोकतंत्र 100 फीसदी स्थिर और जीवंत है। जहां ईसाई हैं, वहां लोकतंत्र 50-50 फीसदी स्थिर है और जहां मुसलमान वर्चस्व, बहुमत की स्थिति में हैं, वहां का लोकतंत्र पूरी तरह अस्थिर है। सरसंघचालक भागवत ने इस थ्योरी का उद्धरण क्यों नहीं दिया दरअसल यह आरएसएस का शताब्दी-वर्ष है। उसे मनाना स्वाभाविक है। संघ-प्रमुख देश भर में ऐसे व्याख्यान देंगे। हिंदू और हिंदुत्व की बात संघ की वैचारिकता ही है, लेकिन सवाल है कि इसकी पुनरावृत्ति क्यों की जाती रही है क्या संघ भी अपने समर्थकों, स्वयंसेवकों, प्रचारकों को लामबंद करता है और फिर वही आधार राजनीतिक तौर पर भाजपा को चुनावी समर्थन देता है बेशक हिंदू समन्वयवाद का प्रतीक है, क्योंकि आज भी भारत में मस्जिदों की संख्या दुनिया में नंबर 2 पर है। यदि हिंदू समन्वयवादी नहीं होता, तो यह कभी भी संभव नहीं होता। संघ प्रमुख भी सभी को साथ लेकर चलने की बात बार-बार कहते रहे हैं। फिर नफरत कौन और किससे करता है, यह बेहद अहम सवाल है देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने अपनी ऐतिहासिक किताब भारत एक खोज में लिखा था कि हिंदू व्यापक पहचान वाला समुदाय है। उस पर किसे आपत्ति हो सकती है लेकिन सवाल यह भी है कि बाबा अंबेडकर ने संविधान की प्रस्तावना में पंथनिरपेक्ष शब्द क्यों नहीं रखा क्योंकि नेहरू अल्पसंख्यक शब्द के पैरोकार थे।

---

वरेण्या कृष्णा सरोहा




## दहेज प्रथा

कविता

दहेज की प्रथा को,
क्यों नहीं मिटा देते।
लक्ष्मी जिसे मानते हो,
क्यों उसको ताने देते।
है ये एक महा कलंक,
जो जबरदस्ती मांगा जाता है।
दुखी मां - बाप को करने के लिए,
बेटी को मारा जाता है।
एक यही पल ऐसा होता है,
जिसका डर मां बाप को लगता है।
बेटी के अच्छे जीवन के लिए,
जिनको दरिद्र बनना पड़ता है।
बेटी फिर भी बात समझती है,
पर दहेज मांगने वाले नहीं सुनते।
आखिरकार वे लोग उसे,
आवाज उठाने पर विवश करते।

---

# विश्वगुरु बनने की नई इबारत लिखता भागवत का उद्बोधन



## ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित वार्षिक व्याख्यानमाला केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। संघ सरचालक मोहन भागवत ने इन व्याख्यानों में जिस स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, उन्होंने संघ की विचारधारा के प्रति व्याप्त भ्रांतियों का निवारण करने के साथ-साथ भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है,नए मनुष्य का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है।

हिंदुत्व को लेकर जो भ्रांतियाँ फैलाई जाती रही हैं, उन्हें भी भागवत ने तार्किक ढंग से दूर किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी संकीर्ण परिभाषा का नाम नहीं है। यह कोई धर्म विशेष की पूजा-पद्धति या संप्रदाय नहीं है। हिंदुत्व भारतीय जीवन दृष्टि है, वह व्यापक सांस्कृतिक धारा है, जिसमें करुणा, समरसता, सेवा, अहिंसा, सत्य और आत्मानुभूति का सम्मिलन है। हिंदुत्व सबको जोड़ता है, किसी को अलग नहीं करता। यह भारत की आत्मा है और इसी आत्मा के बल पर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्राप्त हो सकती है। इस स्पष्ट व्याख्या ने उस संदेह को भी दूर किया कि संघ का हिंदुत्व राजनीतिक या सत्ता प्राप्ति का साधन है। वास्तव में यह संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में बांधने वाली दृष्टि है, जिसमें भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। दूसरे दिन के वक्तव्य में भागवत ने और गहराई से विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पंचकर्म की चर्चा करते हुए कहा कि जैसे आयुर्वेद में पंचकर्म शरीर की शुद्धि का साधन है, वैसे ही समाज की शुद्धि और पुनर्निर्माण के लिए भी पंचकर्म आवश्यक है। उन्होंने पांच आयाम बताए-चरित्र निर्माण, संगठन निर्माण, समरसता, गरीब का उत्थान और आध्यात्मिक जागरण। यह पांचों पहलू किसी भी समाज के स्थायी स्वास्थ्य और विकास के आधार हैं। केवल राजनीतिक सुधार या आर्थिक प्रगति से राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि तब बनता है जब व्यक्ति का चरित्र शुद्ध हो, समाज संगठित हो, उसमें समरसता हो, कमजोर वर्ग को उत्थान मिले और राष्ट्र का जीवन उच्च आध्यात्मिक मूल्यों से संपन्न हो। विशेष रूप से गरीब आदमी के उत्थान पर भागवत का जोर उल्लेखनीय था। उन्होंने कहा कि भारत तभी सशक्त होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अवसर पहुंचे। यह विचार महात्मा गांधी के ह्यअंत्योदयह्ण, विनोबा भावे के ह्यसर्वोदयह्ण और दीनदयाल उपाध्याय के ह्यएकात्म मानववादह्ण की पुनर्स्मृति कराता है। आधुनिक भारत की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास के लाभ समाज के सभी तबकों तक समान रूप से नहीं पहुंचते। अमीर-गरीब की खाई बढ़ती जा रही है। यदि इस खाई को नहीं भरा गया, तो राष्ट्र की प्रगति अधूरी रह जाएगी। भागवत का दृष्टिकोण यह है कि राष्ट्र तभी महान बन सकता है जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी गरिमा और सम्मान के साथ जीवन जी सके। धर्मों की एकता पर उनका दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत का इतिहास यही बताता है कि यहां विविधता में एकता की परंपरा रही है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन-सभी धर्म इस भूमि पर फले-फूले हैं और सभी का मूल संदेश करुणा, सेवा और मानवता रहा है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब धर्म को सत्ता की राजनीति से जोड़ा जाता है। भागवत का कहना था कि यदि हम धर्मों के मूल्यों को देखें तो उनमें कोई टकराव नहीं है। सबका आधार प्रेम, सत्य और सेवा है। यही साझा आधार भारत को एक ऐसा समाज बनाने में सक्षम है, जो विश्व के लिए अनुकरणीय हो।

भागवत के विचार निश्चित रूप से भारत की सांस्कृतिक परंपरा और संघ की कार्यप्रणाली को नई स्पष्टता देते हैं, लेकिन यहां यह प्रश्न भी उठता है कि इन विचारों को व्यवहार में उतारने की राह कितनी सरल है? समाज की जटिलताओं, जातीय और धार्मिक तनावों, राजनीतिक स्वार्थों और आर्थिक विषमताओं के बीच नया मनुष्य बनाना एक दीर्घकालिक साधना है। आलोचक कहते हैं कि संघ के पास विचार तो हैं, लेकिन उनकी जड़ें अभी तक समाज के सभी वर्गों तक गहराई से नहीं पहुँची हैं। विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों में संघ के प्रति संदेह आज भी विद्यमान है। इसलिए केवल वक्तव्यों से नहीं, बल्कि ठोस और पारदर्शी कार्यों से यह भरोसा पैदा करना होगा कि संघ का हिंदुत्व वास्तव में सर्वसमावेशी है। इसी तरह गरीब के उत्थान और धर्मों की एकता की बातें विचारणीय हैं, किंतु यह भी देखना होगा कि क्या संघ और उससे जुड़े संगठन इस दिशा में ठोस योजनाएं और परिणाम दे पा रहे हैं? आलोचक यह प्रश्न उठाते हैं कि विकास की मुख्यधारा में गरीबों की स्थिति सुधारने में सामाजिक संगठनों से अधिक भूमिका सरकार की रही है। अतः यदि संघ इन बिंदुओं को अपनी कार्ययोजना का मूल बनाए, तो उसे केवल नैतिक आह्वान से आगे बढ़कर व्यावहारिक नीतियां और कार्यक्रम तैयार करने होंगे। तभी यह दृष्टि प्रभावी सिद्ध होगी और भारत सचमुच उस दिशा में बढ़ सकेगा, जिसकी परिकल्पना व्याख्यानमाला में की गई।

आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है। भारत के पास भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक समृद्धि की धरोहर है। यही धरोहर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्रदान करती है। संघ की शताब्दी वर्ष की यह व्याख्यानमाला केवल संघ के स्वयंसेवकों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए एक संदेश है। यह संदेश है-नए मनुष्य का निर्माण करना, गरीब को उठाना, धर्मों को जोड़ना, समाज में समरसता स्थापित करना और हिंदुत्व की व्यापक जीवन दृष्टि के आधार पर विश्व को दिशा देना। यह केवल भाषण नहीं, बल्कि एक संकल्प है। यदि भारत को सचमुच विश्वगुरु बनना है, तो यह संकल्प पूरे समाज का होना चाहिए। संघ को लेकर लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि उसकी विचारधारा संकीर्ण है, वह केवल बहुसंख्यक समाज का प्रतिनिधित्व करता है, उसमें अल्पसंख्यकों के लिए कोई स्थान नहीं है। भागवत के इन वक्तव्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि संघ का दृष्टिकोण न तो संकीर्ण है और न ही बहिष्कृत करने वाला। संघ का हिंदुत्व सर्वसमावेशी है, जिसमें सभी धर्म और सभी आस्थाएं स्थान पा सकती हैं।



---

# प्रेरणास्त्रोत आईपीएस मनुमुक्त मानव : स्मृतियाँ जीवित, न्याय शून्य



प्रियंका सौरभ

*आईपीएस मनुमुक्त मानव की 28 अगस्त 2014 को हुई संदिग्ध मृत्यु आज भी अनुत्तरित प्रश्न छोड़ गई है। नेशनल पुलिस अकादमी, हैदराबाद जैसी सर्वोच्च संस्था में एक युवा, मेधावी और ऊर्जावान अधिकारी का इस तरह मौत का शिकार होना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे भारतीय न्याय और पुलिस व्यवस्था की साख पर धब्बा है। मनुमुक्त के सपने और आदर्श आज भी प्रेरणा देते हैं, पर उनकी असामयिक मृत्यु का सच अब तक अंधेरे में है। अब समय आ गया है कि सरकार सीबीआई जांच के जरिये सच्चाई सामने लाए और इस अधिकारी को न्याय दिलाए।*

28 अगस्त 2014, भारतीय पुलिस सेवा के इतिहास का एक ऐसा दिन था जिसने हर संवेदनशील नागरिक के हृदय को झकझोर कर रख दिया। इसी दिन देश ने एक होनहार, मेधावी और जांबाज अधिकारी आईपीएस मनुमुक्त मानव को खो दिया। मात्र 31 वर्ष 9 माह की अल्पायु में, नेशनल पुलिस अकादमी हैदराबाद, तेलंगाना में उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु ने न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे राष्ट्र को हतप्रभ कर दिया। यह कोई सामान्य घटना नहीं थी, बल्कि भारतीय पुलिस सेवा जैसी प्रतिष्ठित संस्था के इतिहास में घटित होने वाली सबसे बड़ी और विचलित कर देने वाली दुर्घटना थी। प्रश्न यह उठता है कि आखिर ऐसी सर्वोच्च सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक अधिकारी इस तरह कैसे मौत का शिकार हो सकता है और क्यों अब तक इस रहस्य से पर्दा नहीं उठाया गया। मनुमुक्त मानव की असामयिक मृत्यु के बाद आधी रात को उनका शव नेशनल पुलिस अकादमी के स्विमिंग पूल से बरामद हुआ। यह तथ्य अपने आप में सैकड़ों सवाल खड़े करता है। क्या यह एक हादसा था या कुछ और? जब उनके शव के पास ही ऑफिसर्स क्लब में विदाई पार्टी चल रही थी, तो वहां मौजूद लोगों ने कुछ देखा या सुना क्यों नहीं? पुलिस अकादमी जैसी सख्त अनुशासन वाली संस्था में यह घटना कैसे घटित हुई और क्यों इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच आज तक नहीं हो पाई? घटना को अब बारह साल बीत चुके हैं, परंतु सच्चाई आज भी अंधेरे में दफन है। यही स्थिति पूरे पुलिस तंत्र और न्याय व्यवस्था पर गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। मनुमुक्त मानव किसी साधारण अधिकारी का नाम नहीं था। वे 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी थे और हिमाचल कैडर से जुड़े थे। उनका जन्म 23 नवंबर 1983 को हरियाणा के हिसार में हुआ। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले इस युवा अधिकारी ने कम उम्र में ही असाधारण उपलब्धियाँ अर्जित कर ली थीं। एनसीसी का सी सर्टिफिकेट प्राप्त करना, छात्र जीवन से ही अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का परिचय देना और प्रतिभा के दम पर आईपीएस तक पहुँचना उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत था। वे केवल एक अधिकारी ही नहीं बल्कि चिंतक, कलाकार और फोटोग्राफर भी थे। उनकी सेल्फी लेने की कला और रचनात्मक दृष्टिकोण ने उन्हें उनके दोस्तों और सहकर्मियों के बीच विशेष पहचान दिलाई। मनुमुक्त मानव के सपने बेहद बड़े और दूरगामी थे। वे अपने गाँव तिभरा में अपने दादा-दादी की स्मृति में एक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करना चाहते थे। इसके अतिरिक्त वे नारनौल में एक सिविल सर्विस अकादमी बनाने का विचार रखते थे ताकि गाँव और कस्बों से निकलने वाले युवाओं को भी सिविल सेवा की तैयारी का अवसर मिल सके। समाज सेवा के लिए उनके भीतर गहरी संवेदनशीलता और बड़ा दृष्टिकोण था। वे केवल अपने कैरियर और पद की ऊँचाइयों के बारे में नहीं सोचते थे बल्कि समाज को लौटाने के लिए लगातार योजनाएँ बनाते रहते थे। मगर उनकी असामयिक और संदिग्ध मृत्यु ने उन सभी सपनों को अधूरा छोड़ दिया। एकमात्र बेटे की असामयिक मृत्यु ने उनके माता-पिता को गहरे शोक में डुबो दिया। उनके पिता डॉ. रामनिवास मानव देश के प्रसिद्ध साहित्यकार और शिक्षाविद् हैं, जबकि माँ डॉ. कांता अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका रही हैं। किसी भी माता-पिता के लिए यह सबसे बड़ा दुःख है कि वे अपने जवान बेटे को खो दें। इस तरह का वज्रपात सामान्य परिवारों को तोड़ देता है, लेकिन मानव दंपति ने अद्भुत धैर्य और साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपने बेटे की स्मृतियों को सहेजने और उन्हें जीवंत बनाए रखने का संकल्प लिया। यही कारण है कि उन्होंने अपने जीवन की संपूर्ण जमापूंजी लगाकर मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट का गठन किया और नारनौल, हरियाणा में मनुमुक्त भवन का निर्माण किया। यह भवन केवल एक स्मारक नहीं बल्कि जीवंत सांस्कृतिक केंद्र है। इसमें लघु सभागार, संग्रहालय और पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं। हर साल इस भवन से मनुमुक्त मानव की स्मृति में कई पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं जिनमें अढ़ाई लाख का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, एक लाख का राष्ट्रीय पुरस्कार, इक्कीस-इक्कीस हजार के दो और ग्यारह-ग्यारह हजार के तीन पुरस्कार शामिल हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं, साहित्यकारों और समाजसेवियों को सम्मानित किया जाता है। अब तक एक दर्जन से अधिक देशों के लगभग तीन सौ से अधिक विद्वान, कलाकार और लेखक यहाँ आकर भागीदारी कर चुके हैं। मात्र ढाई वर्षों की अवधि में ही मनुमुक्त भवन अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका है। इस स्मारक और ट्रस्ट के माध्यम से मनुमुक्त मानव की स्मृतियाँ न केवल जीवंत रखी गई हैं बल्कि उनके अधूरे सपनों को साकार करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

इस कार्य में उनकी बहन डॉ. एस. अनुकृति, जो विश्व बैंक वाशिंगटन में अर्थशास्त्री हैं, लगातार सहयोग करती रहती हैं। इस प्रकार एक परिवार ने व्यक्तिगत त्रासदी को सामाजिक चेतना में बदलने का प्रयास किया है। फिर भी सवाल वहीं खड़ा है कि मनुमुक्त मानव की मृत्यु का रहस्य क्यों नहीं खोला गया। जब भारतीय पुलिस सेवा जैसी उच्च संस्था में इस प्रकार की घटना होती है और उसकी जांच ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है, तो यह केवल एक परिवार के साथ अन्याय नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था पर धब्बा है। यह घटना विश्वभर में भारत की छवि पर भी प्रश्नचिह्न बनकर खड़ी होती है। आखिर जब एक प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी की सुरक्षा की गारंटी सर्वोच्च अकादमी नहीं दे पाती तो देश के सामान्य नागरिकों की सुरक्षा पर कैसे भरोसा किया जा सकता है? अब समय आ गया है कि भारत सरकार और गृह मंत्रालय इस मामले को गंभीरता से लें। केवल औपचारिकता निभाने से काम नहीं चलेगा। आवश्यक है कि इस मामले की सीबीआई से स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए। सच्चाई को सामने लाना केवल मनुमुक्त मानव को न्याय देने का प्रश्न नहीं है बल्कि यह पूरे पुलिस तंत्र की विश्वसनीयता और पारदर्शिता से जुड़ा हुआ है। न्याय में देरी किसी भी सूरत में उचित नहीं मानी जाती। अगर आज इस मामले पर चुप्पी साध ली गई तो यह अन्य अनेक मामलों के लिए भी खतरनाक उदाहरण साबित होगा। मनुमुक्त मानव केवल एक नाम नहीं थे। वे युवाशक्ति, आदर्श और प्रेरणा के प्रतीक थे। उनकी मृत्यु ने हम सबको यह सोचने पर मजबूर किया है कि हमारे युवा अधिकारी कितनी असुरक्षित परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं। अगर ऐसे अधिकारियों को न्याय नहीं मिलेगा तो आने वाली पीढ़ियाँ हतोत्साहित होंगी। इसीलिए आवश्यक है कि मनुमुक्त मानव के मामले की सच्चाई सामने आए, दोषियों को सजा मिले और देश का हर युवा अधिकारी निडर होकर सेवा कर सके। समाप्त करते हुए यही कहा जा सकता है कि न्याय की राह भले कठिन हो, लेकिन उसे टालना किसी भी लोकतंत्र के लिए घातक है। मनुमुक्त मानव की स्मृतियाँ आज भी हमारे बीच जीवित हैं। उनके सपने अधूरे हैं परंतु उनकी प्रेरणा अमर है। उनकी स्मृति में निर्मित भवन और पुरस्कार हमें यह संदेश देते हैं कि सत्य और न्याय के लिए संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता। अब समय आ गया है कि सरकार इस मामले में सक्रियता दिखाए और इस अधिकारी को न्याय दिलाए। मनुमुक्त मानव केवल एक परिवार के बेटे नहीं, बल्कि इस देश की आशाओं और आकांक्षाओं के प्रतीक थे। उन्हें न्याय दिलाना हम सबका दायित्व है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सीएम युवा योजना अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सीएम युवा योजना अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरण में कमी पाई जाने पर निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरण का कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि सभी बैंकों की ब्रांच नंबर के आधार पर सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि लाभार्थियों के डॉक्यूमेंट आदि कोई कमी पाई जाती है तो तत्काल उनको गाइड करते हुए उनके डॉक्यूमेंट्स को पूरा करने लिए जानकारी दे। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि शासकीय रोजगार परक योजनाओं में बैंकर्स द्वारा ऋण स्वीकृति एवं वितरण में बरती जाने वाली प्रवृत्ति आपत्तिजनक है, जिसके कारण शासकीय योजनाओं के लक्ष्य आपूर्ति में रूकावट पैदा हो रही है। उन्होंने शासकीय योजनाओं में शिथिलता और उदासीनता बरतने वाले बैंकर्स को चेतावनी देते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों को पूर्ण मानक के अनुरूप निस्तारित करना सुनिश्चित करें और सभी पात्र लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरुद्ध उनके उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा।


# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के साडे 350 साल शहीदी दिवस पर? नगर कीर्तन का स्वागत किया जाएगा



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में ? श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के साडे 350 साल शहीदी दिवस पर ? नगर कीर्तन का स्वागत किया जाएगा इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह ने कहा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शहीदी दिवस पर एक विशाल नगर कीर्तन जो की यूपी के विभिन्न मार्गो से होता हुआ 9 तारीख को लगभग 3:00 बजे रामपुर पहुंचेगी जहां पर सभी ? गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी नगर कीर्तन का स्वागत करेगी इस मौके पर सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मौजूद रहे बस सभी ने नगर कीर्तन का स्वागत बड़ी जोरों से करने पर विचार किया और जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह गुरुद्वारा प्रधान सरदार दर्शन सिंह खुराना गुरुद्वारा प्रधान सरदार गुरजीत सिंह सरदार मनमीत सिंह लखविंदर सिंह दिलवाला सिंह समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह? सेवा सिंह खुशवंत सिंह गुलशन अरोड़ा मनजीत सिंह ? गुरुद्वारा प्रधान सुरेंद्र सिंह हरमीत सिंह? धनवंत सिंह सुरजीत सिंह गुरनाम सिंह अमरजोत सिंह कपूर जसपाल सिंह वादी जगजोत सिंह हरपाल सिंह हरभजन सिंह बत्रा सनी कपूर?? ? रणजीत कौर अमरजीत कौर बलविंदर कौर मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े गल्ले में हाथ डालकर चोरी की कोशिश, सीसीटीवी में कैद



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र की नई बस्ती देहात, बिजलीघर के समीप में नशेड़ी युवक द्वारा दिनदहाड़े एक परचून की दुकान से चोरी की कोशिश की गई। पीडित दुकानदार के अनुसार आरोपी युवक दुकान के गल्ले में हाथ डालकर रुपये उड़ाने ही वाला था कि दुकानदार ने उसे पकड़ लिया। लेकिन धक्का-मुक्की के बीच आरोपी मौके से फरार हो गया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कस्बे की नई बस्ती बिजली घर के समीप बॉबी सैनी ने बताया कि पीड़ित ने अपने मकान के समीप परचून की दुकान कर रखी है गुरुवार की दोपहर को अचानक से एक नशेड़ी युवक दुकान में घुस गया और गले में चोरी करने लगा शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। दुकानदार का कहना है कि कस्बे में नशे का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। आए दिन नशेड़ी दुकानों और राहगीरों को निशाना बना रहे हैं।दुकानदार का कहना है कि कैमरे में सब कुछ साफ दिख रहा है, लेकिन नशेड़ियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे दिनदहाड़े गल्ले पर हाथ डाल रहे हैं। अगर पुलिस ने समय रहते कदम नहीं उठाए तो हालात और बिगड़ जाएंगे।पीडित दुकानदार ने घटना से संबंध वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए पुलिस से शिकायत कर पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# किसी नियम कायदे को नहीं मानता नगर पालिका प्रशासन

**वेलकम इंडिया**




**रामपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा दिए गए ज्ञापनों, उठाये गए सवालों का आधा अधूरा और गोलमोल जवाब देकर संतुष्ट करना चाहते हैं। व्यापार मंडल पालिका के तरीकों से बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं है।

पूर्व निर्धारित निमंत्रण के आधार पर दिन बृहस्पतिवार समय 11:00 बजे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल और रामपुर नगर पालिका के कर निर्धारण अधिकारी अनिकेत प्रताप सिंह, कर अधीक्षक शमीम अहमद, संजीव और उनके स्टाफ द्वारा ई०ओ० कक्ष में मीटिंग का आयोजन किया गया हालांकि पूर्व में अधिशासी अधिकारी और इन्होंने वायदा किया था कि हम आपके तमाम प्रश्नों का लिखित उत्तर देंगे लेकिन मीटिंग में उन्होंने केवल यह कहकर बात को आगे बढ़ा दिया कि इसमें अधिकतर प्रश्न वह हैं जो नगर पालिका चेयरपर्सन के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और वही उसका उत्तर दे सकती हैं।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि यह बहुत दिक्कत की बात है कि इतने दिन गुजरने के बावजूद भी नगर पालिका प्रशासन हमारी मांगों का और हमारे द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उचित उत्तर नहीं दे रहा है।

हालांकि आज की बैठक का एक सुखद पहलू यह रहा कि नगर पालिका प्रशासन ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की मांग को स्वीकार करते हुए इस बात का स्पष्ट आश्वासन दिया कि यदि कोई गृह स्वामी दिए गए नोटिस का उत्तर निर्धारित समय के अंदर नहीं दे पता है तो भी उसकी आपत्ति जब तक उसके वार्ड में कैम्प कर आपत्ति का निस्तारण न हो तब तक वह अपनी आपत्ति दाखिल कर सकता है। कर निर्धारण अधिकारी अनिकेत प्रताप सिंह ने सभी से धैर्य और विश्वास बनाये रखने और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से जल्द ही अगली बैठक करने का आश्वासन दिया और कहा कि हम आपके प्रत्येक प्रश्न का लिखित उत्तर जल्दी आपको देंगे आप कुछ समय और दीजिये। व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कर अधिकारी द्वारा दिए गए आश्वासन और नोटिसों में दी गई समयावधि की बाध्यता को शिथिल करने और जब तक सभी जोनों में कैम्प ना हो जायें तब तक सुनवाई किये जाने की उनकी सदाशयता का स्वागत किया और आशा की कि यही भावना भविष्य में समाधान में निर्णायक भूमिका निभायेगी।

# जिला अस्पताल रामपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद को लेकर छीना झपटी चल रही है

**वेलकम इंडिया**

- जिला चिकित्सालय में खड़ी सरकारी गाड़ी का तुड़वा दिया
- सीएमएस डॉ ब्रजेश चंद्रा ने ताला

रामपुर जिला अस्पताल रामपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद को लेकर छीना झपटी चल रही है। वर्तमान सीएमएस डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा ने अभी चार्ज नहीं छोड़ा है। आज अचानक बागपत से आए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बृजेश चंद्र ने अस्पताल कैंपस में खड़ी सरकारी गाड़ी का ताला तुड़वाकर उसमें बैठ गए उन्होंने अपने निजी ड्राइवर से सरकारी गाड़ी चलवाना शुरू कर दी।डीजी लखनऊ की इस गाड़ी का ताला जब तोड़ा गया तो लोग देखने लगे और हैरत में पड़ गए। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि सीएमएस डॉक्टर बृजेश चंद्र के द्वारा जबरदस्ती तौर पर गाड़ी का ताला तुड़वाया गया है। बात यह है अगर इस गाड़ी से कोई हादसा हो जाता है तो उसका जिम्मेदार क्या सीएमएस डॉक्टर डीके वर्मा होंगे या बागपत से आए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बृजेश चंद्र होंगे ? जब के डॉक्टर बृजेश चंद्र को अभी तक चार्ज नहीं हुआ है वह चार्ज लेने के लिए बेचैन घूम कर रहे हैं जिला प्रशासन को किस तरफ ध्यान देने की जरूरत है ।

# विभागीय गणित एवं विज्ञान मेला



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर में संपन्न हुआ बिजनौर विभाग का गणित एवं विज्ञान मेला विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर में बिजनौर विभाग का गणित एवं विज्ञान मेला आयोजित किया गया।

जिसमें बिजनौर विभाग के लगभग 15 विद्यालयों ने सहभागिता की प्रतियोगिता शिशु एवं बाल दो वर्गों में संपन्न कराई गई जिसमें शिशु वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर के वैदिक गणित और विज्ञान प्रश्न मंच के भैया बहनों ने दोनों वर्गों में अपना प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही विज्ञान प्रदर्शऔर विज्ञान प्रयोग में भी सम्मान जनक स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या भारती के मुरादाबाद संभाग के संभाग निरीक्षक महिपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुरू किया गया। उसके बाद विद्यालय के प्रबंधक भीष्म सिंह त्यागी और विद्यालय के कोषाध्यक्ष धर्मवीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष पुष्पा अर्चन किया किया गया। प्रतियोगिता स्थल पर संभाग निरीक्षक महिपाल सिंह ने प्रतियोगिताओं का उद्देश्य और उनकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक हर्ष सिंह चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार शर्मा, पुष्पेंद्र शेखावत, वरिष्ठ पत्रकार नितिन शर्मा, बिजनौर विभाग के विभाग प्रमुख अमरपाल सिंह, आदि मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा सभी प्रथार्ना पत्रों को बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना गया और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से कहा कि बैठक से नई एवं पुरानी निस्तारित एवं अनिस्तारित शिकायतों की विभागवार सूची के अनुसार प्रकरण विचार विमर्श के लिए बैठक में प्रस्तुत करें और जिन विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, उनको संज्ञानित करें ताकि सक्षम स्तर से शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, खेत तालाब में पानी की व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। जिस पर उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन आपकी शिकायतों के समाधान के लिये गंभीर है और सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ ससमय निस्तारण कराया जाएगा।बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता, एक्स आर्मी मेजर केशव सहित अन्य अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद थे।

# बिजली विभाग की छापेमारी से गांव वालों में मचा हड़कंप



**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर/ गागलहेडी ।** बिजली विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ गांव ढालाचोरा व चुनैहटी शेख में चलाया सघन चेकिंग अभियान सहारनपुर मुख्य अभियंता राजेश कुमार व अधीक्षण अभियंता रविन्द्र बाबू व संजीव कुमार अधिशासी अभियंता सहारनपुर के निर्देशन में बिजली विभाग ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के कांटे कनेक्शन बिजली विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं के विधुत कनेक्शनों को चेक किया। बिजली विभाग ने विधुत चोरी व बकायादारों व बिल जमा ना करने वालो के विरुद्ध चलाया विशेष चेकिंग अभियान काफी समय से इन गांव में हो रही थी ओवरलोड की शिकायत उप खंण्ड अधिकारी अंकित त्यागी कैलाशपुर के कुशल नेतृत्व में बिजली विभाग व पुलिस टीम के साथ गांव में एक साथ मिलकर छापामारी की कई घंटे चले इस अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को मीटर से अलग केबिल डाल कर विद्युत चोरी करते पकड़े गए। लोगों के विरुद्ध विभाग द्वारा कानूनीकार्यवाही की जा रही है। इस दौरान बकायेदारों को समय पर बिजली का बिल जमा करने को कहा गया। एसडीओ अंकित त्यागी ने बताया कि अभियान लगातार चलता रहेगा।

# जनसंख्या वृद्धि : संसाधनों पर बढ़ता दबाव



**लेखक संतराज चौहान, अधिवक्ता**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**वेलकम इंडिया**

भारत ने आजादी के 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। अमृत महोत्सव का यह दौर निश्चित ही गर्व का विषय है, लेकिन इसी बीच हमें एक गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है झ अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि। सीमित संसाधनों के बीच लगातार बढ़ती जनसंख्या देश की लगभग सभी व्यवस्थाओं पर भारी दबाव डाल रही है।

**स्वास्थ्य सेवाएँ : भीड़ और इंतजार की पीड़ा**

देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ती आबादी का बोझ साफ दिखाई देता है। किसी भी बड़े सरकारी अस्पताल में झाँककर देखें–लंबी कतारें, भीड़ और घंटों का इंतजार आम बात है। मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि एक सामान्य बीमारी को लेकर जब मैं राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद पहुँचा तो सुबह 10 बजे टोकन लेने के बाद शाम 4:30 बजे डॉक्टर से मिल पाया। यानी एक छोटे से इलाज के लिए भी 6झ7 घंटे का इंतजार! यह तस्वीर बताती है कि स्वास्थ्य सेवाएँ बढ़ती जनसंख्या के दबाव को झेलने में सक्षम नहीं हो पा रही हैं।

न्याय और प्रशासन पर असर न्यायपालिका भी इसी समस्या से जूझ रही है। देश की अदालतों में लाखों मामले वर्षों से लंबित हैं। तहसीलों और सरकारी दफ्तरों में लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। छोटी-सी प्रक्रिया पूरी करने में नागरिकों का समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद होते हैं। यह सब बढ़ती जनसंख्या से उपजे प्रशासनिक बोझ की ही परिणति है।

समस्या की जड़ आज भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है और यह संख्या 150 करोड़ के पार पहुँचने वाली है। जब संसाधन सीमित हों और आबादी अनियंत्रित गति से बढ़े, तो स्वाभाविक रूप से असंतुलन पैदा होता है। परिणामस्वरू अस्पतालों में अव्यवस्था,शिक्षा में असमान अवसर,रोजगार की कमी,न्यायिक व्यवस्था पर बोझ,भूमि और जल संसाधनों की कमी,पर्यावरण का असंतुलन और प्रदूषण। समाधान की दिशा भारत को समृद्ध और सक्षम बनाने के लिए अब ठोस कदम उठाना अनिवार्य है–स्वास्थ्य और शिक्षा पर अधिक निवेश किया जाए। ई-गवर्नेंस और डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा मिले ताकि प्रक्रियाएँ तेज हों।जनसंख्या नियंत्रण व परिवार नियोजन पर कठोर व प्रभावी नीति अपनाई जाए। महिलाओं की शिक्षा और जागरूकता पर विशेष बल दिया जाए।संसाधनों का न्यायपूर्ण और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए। आजादी का उत्सव मनाना हमारे लिए गर्व की बात है, लेकिन इससे भी बड़ी ज़िम्मेदारी यह है कि हर नागरिक को स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय की सुविधाएँ समय पर और समान रूप से मिलें। यही लोकतंत्र की असली सफलता होगी और यही भारत को ₹ अमृत काल₹ में सशक्त बनाएगा।

# सुन्ना मे गरीब महिला प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित, अपात्र लोगों की बल्ले-बल्ले

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** प्रधानमंत्री आवास योजना का मकसद गरीब और बेघर परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराना है, लेकिन हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सुन्ना निवासी गरीब महिला कुसुम लता पत्नी रविचंद का परिवार पात्र होने के बावजूद आवास योजना का लाभ पाने से वंचित है। परिवार का आरोप है पिछले 15 साल से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अब तक उन्हें पक्का मकान नहीं मिला है।पीड़ित महिला ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक गुहार लगाई गई, लेकिन नतीजा शून्य रहा। दो साल पहले बरसात में कच्चे कमरे ढह जाने के बाद से पूरा परिवार छप्पर और फूस के घर में रहने को मजबूर है। बरसात में छत टपकती रहती है जबकि गर्मी और सर्दी के मौसम में भी परिवार को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।महिला ने कहा कि वह और उनके पति दोनों काला पीलिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। राशन कार्ड से उन्हें सिर्फ 20 किलो अनाज मिलता है, लेकिन रहने के लिए छत अब तक नसीब नहीं हुई। परिवार का कहना है कि जब भी अधिकारी से मिलने जाते हैं तो एक ही जवाब मिलता है, साइट नहीं चल रही। ग्रामीण अभय, सुरेश, नरेश, शकील, वाजिद सहित आदि का आरोप है कि दूसरी ओर गाँव और क्षेत्र के प्रभावशाली एवं संपन्न लोग, जिनके पास पहले से पक्के मकान, चौपहिया वाहन और जमीन-जायदाद है, वही लोग प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले रहे हैं। आलिशान मकानों में रहने वाले अमीर लोग गरीब बनकर सरकारी योजनाओं का फायदा उठा रहे हैं जबकि असली हकदार परिवार दर-दर भटक रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस योजना की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक पात्र गरीब परिवारों को लाभ पहुंचाया जाए, ताकि उन्हें भी सम्मानजनक जीवन जीने के लिए पक्की छत मिल सके।

# अफकार इंडिया फाउंडेशन ने महिलाओं को दिया रोजगार प्रशिक्षण




वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** अफकार इंडिया फाउंडेशन ने कस्बे में महिलाओं के लिए रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की मेहरूनिशा सैफी व पूनम ने महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई की बारीकियां सिखाईं और काम शुरू करने के जरूरी सामान व सावधानियों की जानकारी दी।

मेहरूनिशा ने महिलाओं को अपने संघर्ष की कहानी बताते हुए कहा कि उन्होंने 30 हजार रुपये से काम शुरू किया था, जिसमें तीन सिलाई मशीन खरीदीं। कड़ी मेहनत से आठ लाख रुपये का कर्ज चुकाने के बाद आज वह मोटर वाली नई मशीनों के साथ कई महिलाओं को रोजगार दे रही हैं।गाव आल्दी निवासी उद्यमी इमराना ने महिलाओं को आम का अचार बनाकर दिखाया और समझाया कि बाजार के अचार में रसायन मिलाए जाते हैं जो सेहत के लिए हानिकारक होते हैं। उन्होंने कहा कि घर का बना अचार और मसाले सुरक्षित रहते हैं। सरकार भी स्किल डेवलपमेंट व एनआरएलएम जैसी योजनाओं से मार्केटिंग में मदद करती है और ट्रेड फेयर के जरिए बिक्री के मौके देती है।कार्यक्रम का संचालन यासमीन ने किया कार्यक्रम में दर्जनों महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# राजनीति करने का मकसद सिर्फ लोगों की मदद तथा सेवा करना है: सपा विधायक मनोज पारस

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नगीना पूर्व राज्य मंत्री तथा नगीना विधानसभा से सपा विधायक मनोज पारस दिन रात गरीब बेसहारा लोगों की मदद करने में लगे हुए हैं।वह लगातार पीडितो को इसाफ दिलाने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। जिला बिजनौर में वही एक मात्र ऐसे विधायक है जो पीड़ित व्यक्तियो की आवाज सडकों से लेकर विधानसभा तक उठा रहे हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र के हर व्यक्ति के सुख-दुख में वह हमेशा शरीक होते हैं। लोगों की मदद करने के कारण उनकी क्षेत्र में छवि एक मसीहा के रूप में है। अपनी ईमानदारी तथा नेक कामों की वजह से वह जनता के दिलों में बसे हुए है। हमारे संवाददाता से एक विशेष वार्ता करते हुए सपा विधायक तथा पूर्व राज्य मंत्री मनोज पारस ने कहा कि उनका राजनीति करने का मकसद सिर्फ लोगों की सेवा तथा मदद करना है। चद स्वार्थी नेता अपना उल्लू सीधा करने के लिए भाई को भाई से लड़ाते रहते हैं। तथा लोगों को गुमराह करके अपना फायदा करते रहते हैं। जनता को ऐसे नेताओं से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा की हर पीड़ित व्यक्ति की लड़ाई को वह अपनी लड़ाई समझ कर लड़ते हैं। तथा उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए हर संघर्ष करने को हमेशा तैयार रहते हैं। आज देश तथा प्रदेश के हालात बेहद खराब है। भाजपा की तानाशाही नीतियों से जनता तग तथा परेशान हो चुकी है और परिवर्तन चाह रही है। आज प्रदेश का माहौल सपा की ओर बढता जा रहा है। क्योंकि जनता जान चुकी है कि उनका हित सिर्फ सपा में ही सुरक्षित है। इसलिए सभी जाति तथा धर्म के लोग समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे हैं। सपा के बढ़ते जनाधार से महसूस होने लगा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तथा सपा मुखिया अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने सपा कार्यकताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने दैनिक अमर भास्कर अखबार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यही एक मात्र ऐसा अखबार है जो हर पीड़ित व्यक्ति की आवाज को प्रमुखता से उठा रहा है। अखबार के जिला प्रभारी जहांगीर भारती वाकई में बधाई के पात्र हैं जो पूरी निष्पक्षता तथा निडरता से पत्रकारिता कर रहे हैं।

# मदरसा तालीम-उल-कुरान सेमरियावां में कुरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** सेमरियावां स्थित मदरसा अरबिया तालीम-उल-कुरान में अंजुमन-अल-इस्लाह द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 36 छात्रों ने भाग लिया। अंतिम मुकाबला तौहीद अहमद और मुहम्मद साजिद की टीमों के बीच हुआ, जिसमें तौहीद की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विजेता और उप विजेता दोनों टीमों को नकद पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम की शुरूआत मुहम्मद अशरफ की तिलावत से हुई। अब्दुल रज्जाक ने नाते नबी का तराना गाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी अजमतुल्लाह और संचालन जुनैद अहमद ने किया। निर्णायक का दायित्व कारी मुहम्मद अरशद कासमी व मौलाना जकी अहमद नदवी व कारी मुहम्मद रिजवान नदवी ने निभाया। इस मदरसे के कुरानिक विभाग के शिक्षक कारी अजमतुल्लाह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कुरान दुनिया की सबसे विश्वसनीय किताब है, इसलिए इसकी तिलावत अच्छी आवाज, सही उच्चारण और तजवीद के सिद्धांतों का पूरा पालन करते हुए की जानी चाहिए। कुरआन एक ज़िंदा चमत्कार है। जिसने हर युग में पूरी मानवता को अपने प्रभाव से प्रभावित किया है। जो कोई भी इसे लगन और तड़प के साथ पढ़ता है, उस पर और उसके सामने वाले पर इसका समान प्रभाव पड़ता है। यह एक ऐसा महान खजाना है जो कभी खत्म नहीं होता। बल्कि जितना ज्यादा आप इसे निकालेंगे और खर्च करेंगे, यह खजाना उतना ही बढ़ता जाएगा। इसलिए हर इंसान को तजवीद की पाबंदी के साथ रोजाना कुरआन की तिलावत करनी चाहिए। इस अवसर पर मदरसा के प्राचार्य मौलाना मुनीर अहमद नदवी, सदर मदरसा मौलाना गुफरान अहमद नदवी, मुफ्ती नजमुल हुदा कासिमी रहीमी, मुफ्ती मुहम्मद आसिम नदवी, मौलाना अनीसुर रहमान नदवी, हाफिज अलाउद्दीन, मौलाना महमूद अहमद कासिमी नदवी, हाफिज वसीम अख्तर, कारी वलीउद्दीन नदवी, कारी मुहम्मद अनीस विशेष रूप से उपस्थित थे।

# डीएम की अध्यक्षता में डिजिटल क्रॉप सर्वे अंतर्गत ई-खसरा पड़ताल की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में डिजिटल क्रॉप सर्वे अंतर्गत ई-खसरा पड़ताल की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

बैठक में उप कृषि निदेशक डॉ0 राकेश कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 24 अगस्त से खसरा पड़ताल का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसमें इस बार मोबाइल ऐप के माध्यम से जिओ रेफरेंस गाटा अर्थात किसान के खेत में बोई गई फसल का फोटो अपलोड किया जाना है। इससे जनपद में बोई जाने वाली समस्त फसलों का विवरण तैयार हो सकेगा, जिसका लाभ किसानों को परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से होगा। इस कार्य के लिए जनपद में रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, कृषि विभाग के कार्मिक लगाए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ाई के साथ कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया की ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों की बैठक कर उन्हें कार्य कराए जाने हेतु निर्देशित करते हुए कार्य पूर्ण कराएं। यदि आवश्यकता हो तो उन्हें पुनः प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। प्रत्येक कर्मचारी द्वारा 1100 गाटे का सर्वे 20 दिनों में पूरा किया जाना है। यह कार्य 15 सितंबर तक पूर्ण किए जाने के निर्देश शासन स्तर से निर्गत है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक विजयंत सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ0 राकेश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी, खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रॉपर्टी के लिए भाई बने भाई की जान के दुश्मन, कार्रवाई की मांग



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक व्यक्ति ने अपने तीन भाइयों पर पीड़ित को बार-बार दुकान खाली कराने के नाम पर परेशान करने व झूठे मुकदमे में फसाने का षड्यंत्र रचने सहित मारपीट करने का आरोप लगाया है पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को मोहल्ला रायजादगान निवासी राजा ने बताया कि पीड़ित की दुकान कस्बे के दिल्ली बस अड्डे पर है जो नगर पालिका के अधीन आती है। पीड़ित का आरोप है कि उसके तीन भाई लगातार पीड़ित को बार-बार दुकान खाली कराने के नाम पर परेशान करते हैं। आरोपियों ने कई बार पीड़ित व उसके परिवार के साथ मारपीट कर चुके हैं और आरोपी लगातार पीड़ित उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फसाने का षड्यंत्र रचते रहते हैं।

# निमार्णाधीन भगवान महावीर महातीर्थ में हुआ श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा

वेलकम इंडिया



**झाँसी:-** जैनदर्शन के शाश्वत पर्वाधिराज पर्युषण दशलक्षण पर्व के प्रथम दिवस महानगर के समस्त जिनालयों में उत्तम क्षमा धर्म की आराधना की गई। मेडिकल कॉलेज गेट नं 3 के आगे निमार्णाधीन भगवान महावीर महातीर्थ, श्री भगवान महावीर लोक कल्याण परिसर में आचार्य श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के शिष्य दया भावना फाउण्डेशन प्रणेता पूज्य मुनिश्री अविचलसागरजी महाराज के मंगल सान्निध्य में श्रीजी के मस्तक पर मंत्रोच्चार पूर्वक शांतिधारा करने का सौभाग्य अमृत पावन वषायोग समिति के मुख्य सलाहकार डॉ राजीव जैन, अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन प्रेस को प्राप्त हुआ। विधिविधान पूर्वक जलाभिषेक करने का सौभाग्य वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके, महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ, स्वागताध्यक्ष अंकित सर्राफ, कार्यक्रम संयोजकगण नितिन जैन सदर, निशांत जैन डेयरी, सनी जैन चैनू, देवेश जैन केडी, अंशुल जैन बघेरा को प्राप्त हुआ। महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमति सरोज जैन के संयोजन में श्रीजी की मंगल आरती संपन्न हुई। अंजलि सिंघई, प्रतिभा जैन सदर, ऊषा जैन दीप रेडियो, पूजा जैन, सोनम जैन, रवि जैन ने सिद्धचक्र महामण्डल विधान के महाअर्घ्य समर्पित किए। इस अवसर पर मुनिश्री अविचलसागरजी महाराज ने अपनी दिव्य देशना में कहा कि उत्तम क्षमा धर्म जैन धर्म की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है, जिसका अर्थ है किसी भी अपमान, यातना या शारीरिक दुख के बाद भी मन में द्वेष या दुर्भावना न रखना और बिना शर्त क्षमा करने की इच्छा रखना। यह आत्मा का धर्म है और सम्यग्दर्शन, ज्ञान व चारित्र का सच्चा भंडार है। कार्यक्रम का संचालन कर चातुर्मास समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ ने बताया कि भगवान महावीर लोक कल्याण परिसर में झांसी नगर में प्रवासी जैन श्रावकों के लिए व्रतों के 10 दिनों में शुद्ध सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई हैं। कार्यक्रम के अंत में आभार वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके एवं कार्यक्रम संयोजक सिद्धार्थ जैन ने व्यक्त किया।

# विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस कार्यक्रम नगर पंचायत स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित

वेलकम इंडिया शिवशंकर तिवारी

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस कार्यक्रम नगर पंचायत स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता के रूप अवध प्रांत के संगठन मंत्री विजय प्रताप ने विहिप की के कार्यक्रमों और उसके द्वारा किए गए आंदोलनों की चर्चा की।उन्होंने देश में बढ़ते धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज बहुसंख्यक हिंदू समाज बेरोजगारी और गरीबी से जूझ रहा है। ईसाई मिशनरियां और जिहादी ताकतें इसी कमजोरी का लाभ उठा कर धर्मांतरण करवा रही हैं। हिंदुओं को स्वरोजगार पर ध्यान देना होगा। युवाओं को कौशल से जुड़ने का आग्रह करते हुए प्रांत संगठन मंत्री ने कहा कि आज देश के हर छोटे रोजगार समुदाय विशेष के हाथों में चले गए हैं। प्रांत सहमंत्री अविनाश ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 1964 को संदीपनी साधनालय मुंबई में हुई थी। स्थापना काल से लेकर अब तक विश्व हिंदू परिषद ने कई आंदोलन किए। राम मंदिर आंदोलन को खड़ा करके अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने तक नेपथ्य में संगठित हिंदू समाज की शक्ति काम करती रही।

जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह मुन्ना ने अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज संगठित हिंदू समाज ही इस देश को बचा सकता है। सप्ताह में एक बार सामूहिक सत्संग के माध्यम से हिंदू समाज साथ बैठेगा तो अनेक समस्याओं का समाधान सरलता से हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री मनोज तिवारी ने किया।

कार्यक्रम में प्रांत संस्कार प्रमुख शिव प्रताप सिंह, विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, जिला उपाध्यक्ष गण भाजपा प्रमोद तिवारी, पवन सिंह रिंकू तथा सुशील जायसवाल, विहिप जिला उपाध्यक्ष डॉ राजकुमार सिंह व गुलाब कौशल, सह जिला मंत्री शशिकांत अवस्थी व राजेंद्र सोनी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका डॉ रेखा निषाद, सह संयोजिका रुचि सिंह, मातृ शक्ति संयोजिका कुसुमलता सोनी, सह संयोजिका प्रतिभा सिंह बजरंग दल संयोजक आनंद मोहन सिंह, विनय सिंह राजपूत, अंगद सिंह, नगर अध्यक्ष निर्मल वैश्य, मंत्री विष्णु देव समेत जिले एवं प्रखंडों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उनकी नजर मे हिंदू मुसलमान में किसी तरह का भेदभाव नहीं है: शैलेन्द्र चौधरी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर के नगीना।** अपना दल एस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी सर्व समाज को साथ लेकर चल रहे हैं। उनकी मेहनत की बदौलत आज सभी धर्म तथा जाति के लोग लगातार अपना दल एस से जुड़ रहे हैं। आज जिला बिजनौर में अपना दल एस बेहद मजबूत स्थिति में है। इसका कारण जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी की कुशल रण नीति है। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी किसी पहचान के मोहताज नहीं है। वह उसे घराने मे पैदा हुए हैं जिनकी सियासत पूरे जिले में सबसे मजबूत है। अंग्रेजों के जमाने से आज तक उनका परिवार पूरी ईमानदारी के साथ राजनीति कर रहा है। यही कारण है कि जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी की जिले में बेहद मजबूत पकड़ है। इस बारे में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी का कहना है कि वह राजनीतिक जाति धर्म को देखकर नहीं करते बल्कि उनका प्रयास रहता है कि पीड़ित व्यक्ति को इंसाफ मिले वह चाहे किसी भी धर्म तथा जाति का हो। वह राजनीतिक हिंदू मुस्लिम की नहीं करते बल्कि सभी समाज की करते हैं। उनकी नजर में हिंदू मुसलमान में किसी तरह का भेदभाव नहीं है। पीडित व्यक्ति किसी भी धर्म का हो अगर उसे इंसाफ नहीं मिल रहा है तो वह उसे इंसाफ दिलाने के लिए हर कुबार्नी देने को हमेशा तैयार हैं। उनकी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल सभी धर्म तथा जाति के लोगों की आवाज को सड़कों से लेकर संसद तक उठा रही हैं। पार्टी के विचारधारा सबका साथ सबका विकास है। वह अपनी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के दिशा निदेर्शों का पूरी निष्ठा के साथ पालन कर रहे हैं तथा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर पीड़ित व्यक्ति को इंसाफ दिलाना उनकी प्राथमिकता है। जिसका वह पालन मरते दम तक करते रहेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# पाँच दिन पूर्व माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए जम्मू में फँसे 32 श्रद्धालु

वेलकम इंडिया सचिन गुप्ता



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** पांच दिन पूर्व ब्लाक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के भथीपुर गांव से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए 32 श्रद्धालु जम्मू में फंस गए हैं। श्रद्धालुओं का दल 23 अगस्त को लखनऊ से हिमगिरी ट्रेन से रवाना हुआ था। उनकी वापसी 27 अगस्त को होनी थी। इसी बीच जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश एवं हिमस्खलन होने के कारण सभी लोग वहीं फंस गए हैं।दल का नेतृत्व कर रहे सिरौली गौसपुर के भाजपा मंडल महामंत्री दीपक वर्मा ने बताया कि वह अपने दल के साथ कटरा से किसी तरह जम्मू पहुंचे। पठानकोट में पुल टूटने के कारण सभी ट्रेनें रद्द हो गई। जिससे आवागमन के सारे रास्ते बंद हो गए हैं। सभी लोग जम्मू में श्री बाँके बिहारी गोरखा मंदिर, शिवाजी चौक सेक्टर चार नानक नगर में ठहरे हुए हैं। दल में नौ महिलाएं और कई बच्चे शामिल हैं। श्रद्धालुओं के पास खाने के लिए पैसे खत्म हो रहे हैं और बच्चे बीमार पड़ने लगे हैं। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से मदद की अपील की है। दीपक वर्मा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर अपनी परेशानी बताई है। यात्रा दल में दीपक वर्मा, सुनीता, रघुराज वर्मा, जय देवी, रामनरायण गौतम, विनोद कुमार, रीता देवी, बेबी, शिव कुमारी गौतम, प्रमोद, काजल गौतम, सूरज समेत 32 श्रद्धालु शामिल हैं। वहीं इस मामले की जानकारी होने पर भाजपा जिलामंत्री रामसागर कनौजिया ने दल का नेतृत्व कर रहे भाजपा मंडल महामंत्री सिरौलीगौसपुर दीपक वर्मा से बात कर स्थित की जानकारी लिया और जिले के बड़े नेताओं से सम्पर्क कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की हुई दर्दनाक मौत पूरे गाँव मे छाया मातम का माहौल

वेलकम इंडिया रणविजय सिंह

**सिद्धौर बाराबंकी ।** अमेठी जनपद में गुरुवार को हुए सड़क हादसे में असंद्रा गांव के दो लोगों की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा है । इलाके के लोग स्तब्ध हैं । असंद्रा गांव के अमीरूल हसन उर्फ मम्मू मियां और हुसैन मुज्तबा गुरुवार को तड़के बाइक से मनियारपुर सुल्तानपुर में होने वाले जलसे में शिरकत करने जा रहे थे ।रास्ते में भाले सुल्तान थाना क्षेत्र में इनकी बाइक रोडवेज बस की चपेट में आ गई जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को अस्पताल भेजवाया जहां दोनों की मौत हो गई ।इस हादसे की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया ।पीड़ित परिजन तत्काल अमेठी के लिए रवाना हो गए ।पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है ।मृतक अमीरूल हसन के दो बेटे कैफ और सैफ हैं जबकि हुसैन मुज्तबा के चार बेटे औन, जौन , राहिब और तालिब हैं ।हादसे की सूचना पर रिश्तेदार और क्षेत्रीय लोग संवेदना जताने के लिए लगातार पहुंच रहे हैं ।सांसद तनुज पुनिया ने भी हादसे पर दुख जताते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताई है ।

# मआईटी मेरठ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अतिथि व्याख्यान

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसः एप्लिकेशन, चुनौतियाँ और अवसर विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सिद्धांतों, अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराना था।

मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. तनवीर इकराम (इन्द्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज) ने एआई के वैश्विक नवाचारों एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों में इसके उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, व्यापार और परिवहन जैसे क्षेत्रों में एआई की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को चेताया कि जहाँ एआई नए अवसर और रोजगार सृजित कर रहा है, वहीं डेटा गोपनीयता, नैतिकता और रोजगार पर प्रभाव जैसी चुनौतियाँ भी सामने आ रही हैं। व्याख्यान का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) के.एल.ए. खान, विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एम.आई.एच. अंसारी, प्रो. (डॉ.) सुनीत शुक्ला और प्रो. (डॉ.) प्रवीण कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को एआई जैसी उभरती तकनीक को समाजहित में प्रयोग करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हिमांशु सिरोही तथा वरुण कुमार रहे। संचालन लेखिका प्रकाश ने किया। इस व्याख्यान में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की और प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक अपनी जिज्ञासाएँ रखीं। कार्यक्रम की सफलता में प्रेम किशोर गौतम, अमोल शर्मा, आयुष सिंघल, आजाद कुमार और सृष्टि अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

# डोज बाल प्रतियोगिता में टीम गरिमा अव्वल, टीम मीनू रनर अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया



**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** राष्ट्रीय खेल सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में डोज बाल प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में टीम गरिमा अव्वल तथा टीम मीनू रनर रहीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्रीड़ा सचिव तथा शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद विभागाध्यक्ष प्रोफेसर भीष्म सिंह ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। प्राचार्य प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार ने सभी को खेलों को खेल भावना के साथ खेलने का आग्रह किया। प्रतियोगिता में छात्राओं की विभिन्न टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रतियोगिता का जमकर लुत्फ उठाया। निर्णायक मंडल ने टीम गरिमा को प्रथम तथा टीम मीनू को द्वितीय घोषित किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर निशा चौधरी, डॉ मनीष मिश्रा डॉ रामजी द्विवेदी शामिल रहे। इस अवसर पर प्राध्यापक तरुण दहिया, भूपेंद्र अभय श्रीवास्तव पुष्पेन्द्र मलिक ध्रुव रामप्रसाद रोहतास आदि मौजूद रहे।

# एडोब और नैसकॉम फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** मेरठ बिजनेस स्कूल (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एवं कॉमर्स विभाग), मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में एडोब और नैसकॉम फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय डिजिटल मार्केटिंग स्किलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण में बीबीए, बीकॉम और एमबीए के लगभग 180 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के पहले दो दिनों में ई-ट्रेन इंडिया की निदेशक आशी अग्रवाल एवं उनकी टीम, नेहरू प्लेस (नई दिल्ली) से आकर छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न टूल्स और तकनीकों की जानकारी दी। अंतिम दिन छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग की सैद्धांतिक अवधारणाएँ, कैनवा टूल पर प्रैक्टिकल अनुभव और क्विज के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वय प्रो. (डॉ.) अंकुर गोयल (डीन झ मैनेजमेंट) ने किया। उन्हें डॉ. रवींद्र कुमार सिंह, शिवालिका गुप्ता, डॉ. मीनाक्षी वर्मा, वाणी और गगन सिंह का सहयोग मिला। वहीं, डॉ. संदीप कपूर (विभागाध्यक्षझकॉमर्स) एवं हिमानी मिश्रा (विभागाध्यक्षझबीबीए) ने विशेष योगदान दिया। संस्थान के निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान और प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें ऐसे कौशल-विकास कार्यक्रमों में नियमित भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।

# खंड शिक्षा अधिकारी क्यारा के पिता के स्वर्गवास पर शिक्षकों ने सांत्वना व्यक्त की



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** खंड शिक्षा अधिकारी क्यारा पूरन सिंह के पिता के आकस्मिक निधन से क्यारा ब्लॉक के साथ जनपद के तमाम शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई थी। खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह मूल रूप से लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं, उनके पिता लखीमपुर में ही रहते थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु के उपरांत जनपद से तमाम शिक्षक लखीमपुर खीरी पहुंचे और खंड शिक्षा अधिकारी को सांत्वना दी, इस मौके पर बरेली के शिक्षक धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी के पिता तेते राम जीवन भर सामाजिक कार्यों में चढ़कर अपना योगदान देते रहे, उन्होंने कड़ी मशक्कत कर अपने सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दिए, जिसका नतीजा आज हमारे सामने है की उनके पुत्र पूरन सिंह जो एक कुशल अध्यापक होने के साथ-साथ एक व्यवहार कुशल अधिकारी भी बनकर हमारे बीच मौजूद हैं। इस मौके पर सूरज मौर्य, कप्तान सिंह, नरेंद्र सिंह, रोविन रस्तोगी, श्याम सिंह, रमेश सागर, लाल बहादुर गंगवार, सुधांशु कुमार, डॉ डी पी एस यादव मोहन सिंह, प्रियंका गुप्ता, आदि ने भी गहरा शोक व्यक्त किया।

# मरियम जिलानी को मिली राष्ट्रीय लोकदल महानगर अध्यक्ष पद पर जिम्मेदारी



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

मेरठ गुरुवार को वेबस्टर स्कूल सूरज कुंड रोड में राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम और महानगर अध्यक्ष नियुक्ति कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष (प्रभारी हस्तिनापुर क्षेत्र) खालिद सब्जवारी, प्रदेश मुख्य महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ दिलप्रीत कोहली, प्रदेश महासचिव कंवलजीत सिंह अवाम और क्षेत्रीय अध्यक्ष मारूफ अली उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रमुख नेताओं में विनय प्रधान, ऋचा सिंह, रीटा वर्मा, हेमंत कुमार, राजा चौधरी , जूही त्यागी , राजीव तोमर और वासु भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गईं। मरियम जिलानी को महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल के रूप में नियुक्त किया गया, जबकि खान जी को क्षेत्रीय महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अलावा, मुनीर अहमद, पुत्र श्री उजैर को महानगर समिति में महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया। मुख्य अतिथियों ने मरियम जी, खान जी और मुनीर अहमद को नियुक्ति पत्र सौंपा और उन्हें बधाई दी। मरियम जी ने कहा कि वह पूरी शिद्दत से पार्टी के लिए कार्य करेंगी और संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगी।

# कथा के आयोजन के पश्चात प्रतिदिन भण्डारे, प्रसाद का आयोजन रहेगा



वेलकम इंडिया

**झॉसीः** गढमऊ स्थित बलखण्डी मंदिर प्रांगण में श्रीराम कथा का रस पान अपनी मधुर वाणी से करायेगें। संत मुरलीधर जी सरल और सरस भाषा में राम कथा कर युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गो के मन में, चित्त में भगवान राम को बैठाने का काम कर रहे है। मुरलीधर जी की अनेक कथायें विदेशों में भी हो चुकी है। कथा के आयोजन के पश्चात प्रतिदिन भण्डारे, प्रसाद का आयोजन रहेगा। आखिरी दिवस में करीब 10000 लोगों के भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हनुमान जी की प्रेरणा से ही किया जा रहा है और हनुमान जी महाराज ही इस कथा के आयोजक है।

# जानकीपुरम विस्तार में डायरिया के मामले स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की

समर्थ कुमार सक्सेना



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डायरिया के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिसके कारण स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। जानकीपुरम विस्तार में डायरिया के कई मामले सामने आए हैं, जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र का भ्रमण किया और मरीजों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की।

जानकीपुरम विस्तार में 250 घरों का निरीक्षण किया गया और 9 मरीजों को देखा गया, जिनमें डायरिया का कोई रोगी नहीं मिला। क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और जनसामान्य को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई। नगर मलेरिया इकाई की टीम द्वारा क्षेत्र में एंटी लार्वा रसायन का छिड़काव किया गया। 50 घरों का सर्वे किया गया और 8 मरीजों को देखा गया, जिन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। क्षेत्र में डायरिया का कोई रोगी नहीं पाया गया। जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा क्षेत्र में एंटी लार्वा रसायन का छिड़काव किया गया। लखनऊ में डायरिया से अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 12 साल की एक बच्ची भी शामिल है। स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्र में सक्रिय है और मरीजों को उपचार प्रदान कर रही है।

# नशे में कार चालक ने कई लोगों को मारी टक्कर, एक गंभीर



वेलकम इंडिया/मोहम्मद खालिद

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के संजय नगर निवासी कार चालक रितिक कुमार ने नशे की हालत में कार चलाते हुए बुधवार को कई स्थानों पर लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों के अनुसार, रितिक अपने दोस्त के साथ कॉलेज से लौट रहा था। रास्ते में नगर निगम के सामने एक व्यक्ति को टक्कर मारी, फिर चौकी चौराहे पर एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया। तीसरी टक्कर सिकलापुर चौराहे पर बाइक सवार को मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर तैनात ट्रैफिक दरोगा और सिपाही ने दौड़कर आरोपी चालक रितिक को सिकलापुर चौराहे पर पकड़ लिया और कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में रितिक ने बताया है कि वह गंगा शील कॉलेज में नर्सिंग का छात्र है और नशे में होने के कारण हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान पोस्टर का विमोचन

वेलकम इंडिया



**राजाखेड़ा धौलपुर।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजाखेड़ा चंद्रप्रकाश वशिष्ठ और शिक्षक संघ राष्ट्रीय की राजाखेड़ा उपशाखा के अध्यक्ष उमेश चंद शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुडिला में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। उपशाखा अध्यक्ष उमेश चंद शर्मा ने बताया कि 1 सितंबर 2025 को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में पूरे देशभर के 5 लाख विद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साझा संकल्प कार्यक्रम ॅहमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमानॅका आयोजन प्रार्थना सभा में किया जाएगा। जिसके सफल आयोजन के लिए राजस्थान में भी शिक्षा विभाग और राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जोर शोर से तैयारियों में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में उपशाखा राजाखेड़ा में विद्यार्थियों और शिक्षकों के साझा संकल्पों के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन के अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वशिष्ठ ने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की यह पहल एक स्वागत योग्य कदम है इस आयोजन से शिक्षकों और विद्यार्थियों में निश्चित रूप से एक नई ऊर्जा का संचार होगा और संकल्पों की सिद्धि को बल मिलेगा। इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश वशिष्ठ, उपशाखा अध्यक्ष उमेश चंद शर्मा, व्याख्याता राजेश कुमार, शिवदत्त आदि उपस्थित रहे।

# संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने करीमपुर में की जनसुनवाई

वेलकम इंडिया



**धौलपुर।** संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी गुरुवार को जिले के दौरे पर रही इस दौरान उन्होंने उपखंड सैपऊ में अटल सेवा केंद्र करीमपुर पर जनसुनवाई की। इस दौरान कहा कि जनसुनवाई में आने वाले मामलों पर परिवादियों को उनके मामलों में यथा स्थिति प्रगति से नियमित समय पर अवगत कराते हुए परिवादों का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने वर्षा में क्षतिग्रस्त सड़क, जलभराव, एनएफएसए अंतर्गत राशन की समस्या रखी। जिस पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को त्वरित समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से कहा कि विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं और राज्य सरकार तथा प्रशासन द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुँचाने का सशक्त जरिया बनाएं। जिससे अधिक से अधिक पात्रजन तक इन योजनाओं का लाभ पहुँच सके और लोग समय पर उनका उपयोग कर सकें। उन्होंने संवेदनशीलता और समयबद्ध निस्तारण पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवादी की समस्या को धैर्यपूर्वक और संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और उसका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपखंड अधिकारी सैंपऊ कर्मवीर सिंह, बीडीओ रामबोल सिंह, करीमपुर की प्रशासक व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूट्यूबर साक्षी मिश्रा ने ससुरालवालों पर दर्ज कराई एक और रिपोर्ट, ससुर-जेठ पर लगाए ये आरोप

वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य



बरेली। यूट्यूबर साक्षी मिश्रा ने इज्जतनगर थाने में अपने ससुरालवालों के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज करा दी है। इस बार गालीगलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। साक्षी ने इज्जतनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह को बताया है कि उनके ससुर हरीश कुमार उर्फ हरीश नायक लक्खी शाह क्रांतिकारी समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। ससुर, उनका जेठ अभिषेक कुमार, चचिया ससुर शील कुमार और दादी सास सुशीला आए दिन उन्हें और उनके पति अजितेश कुमार को धमकाते हैं। उन्हें धमकाया जाता है कि पहले किए गए मुकदमे वापस ले लो वर्ना पति-पत्नी और बच्चे को जान से मार दिया जाएगा। साक्षी ने पुलिस को बताया कि उनके पहले किए गए मुकदमे अदालत में विचाराधीन हैं। इसके बावजूद आरोपी जमानत पर बाहर आकर उन पर दबाव बना रहे हैं कि मुकदमे वापस ले लो।

# श्री हरिदास जी आविर्भाव महोत्सव : शास्त्रीय गायन ने मन मोहा, बलदानियों की वीरांगनाओं को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बृज के परम संत स्वामी श्री हरिदास जी महाराज के 545वे आविर्भाव महोत्सव के चतुर्थ दिवस में भक्ति एवं देशप्रेम की धारा ने सबको सृजल कर दिया। परिक्रमा मार्ग के गोपाल खार स्थित राधा प्रसाद धाम, वृंदावन में सुबह की बेला में आराध्य श्री ठाकुर को पंचामृत स्नान कराया गया। जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायक कैलाश पीयूष ने अपने गायन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रात शाम सपने में आए, मेरे दही ए पी गए सर र र र र... पर सभी भक्तजन नृत्य करने लगे और श्री बांकेबिहारी लाल की जय, कुंज बिहारी श्री हरिदास के जयकारों से आश्रम गुंजायमान हो उठा। स्वामी श्री हरिदासीय संप्रदाय के आचार्य महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू महाराज के अध्यक्षता में ब्रजमंडल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारीजनों को सम्मानित किया गया है। आपको बता दें कि शहीद हुए सैनिक देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर देते हैं और हमारी सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों की बलि देते हैं। उनके परिवार पर दुख के बादल छा जाते हैं। आज ऐसे परिवारों को आश्रम परिसर के द्वारा शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। आज उनको सम्मानित कर आश्रम परिसर स्वयं गौरवान्वित हुआ है। इस अवसर पर आश्रम महंत श्री मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने कहा कि प्रतिवर्ष सालभर पहले से महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ हो जाती हैं। बृज में राधा कृष्ण स्वरूप के अलावा कोई नहीं हैं, प्रत्येक ग्वाल में श्रीकृष्ण हैं और प्रत्येक ग्वालन में हमारी प्रिय श्री राधाजू हैं। इस अवसर पर मथुरा वृंदावन नगर निगम के उपसभापति मुकेश सारस्वत के द्वारा शहिदो के परिवारी जनों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आचार्य बद्रीश, महंत अचल बिहारी दास, आचार्य ज्ञानेश, योगी यूथ बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अजय तोमर, पप्पू, राजेश मित्तल, राहुल अग्रवाल, मनोज ठाकुर, सोनू अग्रवाल, अमित गर्ग आदि मौजूद रहे।

# श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय में धूमधाम से विराजे मंगल मूर्ति

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** शहर के श्री सिद्दी विनायक महाविद्यालय में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में धूमधाम से मंगलमूर्ति गणेश जी महाराज का आगमन हुआ। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों व सैकड़ों छात्र छात्राओं ने गणेश जी के आगमन पर पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। महाविद्यालय के निदेशक नंद किशोर शर्मा और सचिव मधु शर्मा द्वारा गणेश जी महाराज की भव्य आरती की गई। विपुल शर्मा एडवोकेट एवं सतीश शर्मा एडवोकेट द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर खेलकूद प्रभारी दिलीप यादव ने बताया कि श्री गणेश जी महाराज का आगमन, सुख, समृद्धि और शांति का प्रतीक है, इस गणेशोत्सव पर शुभ लाभ और सिद्धि विनायक सभी के जीवन को मंगलमय बनाएं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा, शिक्षा निदेशक महेश चंद्र अग्रवाल, खेलकूद प्रभारी दिलीप यादव टीकम सिंह रजावत, विधि विभागाध्यक्ष भारत उपाध्याय एडवोकेट, विष्णुकांत शर्मा, कुमर पाल सिंह, नीलम, याचना शर्मा, जयप्रकाश सिंह, भानु अग्रवाल, हारून सर, पवन कुमार, राजेश शर्मा, प्रियंका तिवारी, मोनिका भारद्वाज, बुलबुल कौशिक, दीपा चतुर्वेदी, बालकृष्ण सैनी, दिनेश कौशिक, चंद्रशेखर जोशी, ठाकुर प्रकाश सिंह, चंदन सैनी आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया ईवीएम - वीवीपैट वेयरहाउस, बाद का बाहरीय निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ईवीएम - वीवीपैट वेयरहाउस बाद का बाहरीय निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से वेयरहाउस के परिसर तथा कमरों में कीड़े, दीमक, चूहा आदि विरोधक छिड़काव करते रहे। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम - वीवीपैट वेयरहाउस परिसर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी अवश्य चेक करते रहे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को मूल-भूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया गया महर्षि गगाचार्य जयंती उत्सव



वेलकम इंडिया

**मथुरा/बल्देव।** भगवान श्री कृष्ण के कुल गुरु ज्योतिष शास्त्र के प्रवर्तक महर्षि गगार्चार्य जी का जन्म उत्सव ऋषि पंचमी का पर्व चामड माता मंदिर, सेंथरी घाट दौलतपुर बलदेव पर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ऋषि गगार्चार्य जी की छवि का अभिषेक हुआ एवं पूजन यज्ञ समारोह का आयोजन किया गया। पीठाधीश्वर आचार्य मनीष गगार्चार्य, आचार्य त्रिलोकी गगार्चार्य, प्रमोद गगार्चार्य, पंकज गगार्चार्य के सानिध्य में गगार्चार्य ऋषि की प्रतिमा का मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक हुआ इसके बाद हवन पूजा हुई। इस अवसर पर आचार्य मनीष गगार्चार्य ने बताया कि गगार्चार्य ऋषि ने गोकुल में जाकर श्री कृष्ण और बलराम का नामकरण संस्कार किया था। उन्होंने गर्ग संहिता की रचना की, जो श्रीमद्भागवत के गूढ़ तत्वों को सरल भाषा में समझाती है। वे ज्योतिष शास्त्र और खगोल विज्ञान के एक बड़े ज्ञाता थे। गगार्चार्य ऋषि को यदुवंश का राजगुरु भी माना जाता है। इस अवसर पर गुड्डू सरपंच, शैलेंद्र चौधरी, देव अग्रवाल, सुजीत वर्मा, चंद्रपाल सिंह देशवार, भूरा सिकरवार, रवेंद्र सिंह, नौरंगी बाबा, वीरी सिंह देशवार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# राजस्थान की धरा पर रासलीला मंचन की अविस्मरणीय छाप

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के रासलीला प्रशिक्षण कार्यक्रम के4 अंतर्गत भ्रमर गीत का भव्य मंचन राजस्थान संस्कृत विभाग के जवाहर कला केंद्र, जयपुर स्थित रंगायन सभागार में किया गया। सभागार खचाखच भरा हुआ था और मंचन के दौरान दर्शक दिव्य रस में सराबोर हो गए। इस अवसर पर राजस्थान न्याय विभाग के पूर्व निदेशक जितेंद्र सिंह सिकरवार, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजेश, तथा ट्रिब्यून के पूर्व संपादक संजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही राजस्थान वित्त विभाग की अधिकारी श्रीमती बिंदु, जवाहर कला केंद्र की अधिकारी श्रीमती बबीता व कु. प्रियदर्शनी सहित बड़ी संख्या में कला-प्रेमी मौजूद रहे। मंचन का निर्देशन गीता शोध संस्थान के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना ने किया, जबकि संयोजन व समन्वय की जिम्मेदारी चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने निभाई। संगीत में झ हारमोनियम व गायन पर आकाश शर्मा, सारंगी पर मनमोहन कौशिक, बाँसुरी पर दीनानाथ, तबले पर सुनील पाठक व उनके पुत्र संगत में रहे। नृत्य निर्देशन सोचना शर्मा का, वस्त्र विन्यास रितु सिंह का रहा। सह संयोजिका के रूप में सुश्री मोहिनी कृष्णदासी का योगदान रहा। मंचन में कामिनी शर्मा और सुमति भारद्वाज कृष्ण की भूमिका में थीं। प्रियांशु उद्धव और हरी चौटाला ने मनसुखा का रोल किया। चांदनी, मोहिनी यादव, डौली, प्रिया, मोनिका, दीक्षा, समीक्षा आदि प्रशिक्षकों ने भी भ्रमर गीत में अलग-अलग भूमिका निभाई। व्यवस्थाएं रामवीर ने संभालीं। संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया कि जवाहर कला केंद्र ने भविष्य में भी ब्रज की लीलाओं के मंचन हेतु संस्थान को आमंत्रित करने का आश्वासन दिया है। भ्रमर गीत की इस भव्य प्रस्तुति ने राजस्थान की सांस्कृतिक धरती पर ब्रज की रासलीला परंपरा की अविस्मरणीय छाप छोड़ दी।

## पाकिस्तान से आई जय भगवान गोयल को धमकी भरी कॉल, दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया मामला

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**नई दिल्ली।** यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल को पाकिस्तान से धमकी भरी कॉल आई थी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस को एक पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था, जिस पर थाना शाहदरा ने मामला दर्ज किया है। कॉल करने वाले ने अपने आपको सीआईडी इंस्पेक्टर बताते हुए उनके बेटों के बारे में जानकारी पूछनी चाही। जब उन्होंने आपत्ति जताई और सवाल उठाया कि मेरे बच्चों के बारे में पूछने का क्या अर्थ है, तो कॉल करने वाले ने उन्हें धमकाते हुए कहा बहुत हिन्दू–मुस्लिम करते हो, ठीक कर देंगे। इसके बाद कॉल तुरंत काट दी गई ।यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी श्री गोयल को कई बार गंभीर धमकियां मिल चुकी हैं, सूत्र जिनमें जान से मारने, सिर कलम कर देने, बम से उड़ा देने, परिवार को खत्म कर देने, नस्ले बर्बाद करने, जबरन गौमांस खिलाने और इस्लाम कबूल कराने जैसी धमकियां शामिल हैं गोयल पर जानलेवा हमला भी हो चुका है। लगातार मिल रही गंभीर धमकियों के मद्देनजर यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र बेदी ने दिल्ली पुलिस से मांग की कि धमकी भरी कॉल की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और जय भगवान गोयल तथा उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# फरार चेयरमैन पर शिकंजा, कोर्ट ने जारी किया गैर-जमानती वारंट

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** शाहजहांपुर नगर पंचायत के चेयरमैन वसी उर्र रहमान और उनके भाई मुत्तालिब की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 2016 के जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दोनों भाइयों के खिलाफ अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया है। आदेश में किठौर पुलिस को निर्देशित किया गया है कि दोनों को किसी भी हालत में 2 सितंबर तक गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाए ऐसा करने में कोई त्रुटि न हो। इससे पहले 18 अगस्त को पुलिस ने चेयरमैन के भाई रजी उर्र रहमान को दबिश देकर गिरफ्तार किया था। उसकी जमानत अर्जी भी लोअर कोट्र्‌ से खारिज हो चुकी है और वे फिलहाल जिला जेल में बंद हैं। अब उनकी जमानत याचिका पर तीस अगस्त को सेशन कोर्ट में सुनवाई होनी है। मामला वर्ष 2016 का है। उस समय तत्कालीन चेयरपर्सन राना खान के भाई शोएब खान और ससुराल पक्ष पर हमले का आरोप वसी उर्र रहमान, उनके भाइयों और पांच अन्य पर लगा था। पुलिस ने उस समय चेयरमैन के दो भाई हिफजू और शहजर समेत छह लोगों को जेल भेजा था। करीब छह महीने बाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। हालांकि इसके बाद अदालत ने बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नॉन बेलेबल वारंट जारी किए, लेकिन चेयरमैन और उनके दो भाई कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। इसी कारण अदालत ने अब सख़्ती दिखाई है। वसी उर्र रहमान और उनके परिवार पर लंबे समय से राजनीतिक रसूख का सहारा लेकर कानून से बचने के आरोप लगते रहे हैं। लेकिन अदालत की सख़्ती के बाद अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। कोर्ट के आदेश ने पुलिस पर दबाव और बढ़ा दिया है और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में गिरफ्तारी तय है।

## क्षेत्र के विकास के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष ने की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने क्षेत्र के विकास के लिये सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की रेखा नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री को उन्होंने हापुड़ जनपद की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें ग्राम गोहरा में स्थित सीएचसी पर चिकित्सा व्यवस्था की कमी को दूर करने के लिए निवेदन किया क्योंकि यह अस्पताल 15/20 गाँवों की जनता से जुड़ा हुआ है साथ हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले भव्य कार्तिक मेले में आने का निमंत्रण भी मुख्यमंत्री को दिया।

# नकली दवाइयां पर रोकथाम ना होने पर कंपनियों के विरुद्ध प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा:पवन हूण गुर्जर

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ




**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में जिला कृषि अधिकारी मुलाकात की और कई कंपनियों के नकली, संदिग्ध, अधिमानक कीटनाशकों की बिक्री रोकने के विषय में मिले संज्ञान को लेकर चर्चा कि जनपद हापुड़ में दुकानों से प्राइवेट कंपनियों की नकली पैकेट और पैकेजिंग बरामद हुए थे जिन पर एफ आई आर भी दर्ज की गई थी, इस कार्रवाई में मिली दवाइयां बायर रिजेन्ट और एफएमसी फटेरा के नमूनों की लैब रिपोर्ट भी कराई गई। इस विषय में प्रशासन द्वारा यदि संदिग्ध उत्पादक व दवाई वाली कंपनी नकली दवाइयों पर रोकथाम नहीं लगती है तो ऐसी कंपनीयों की संदिग्ध दवाइयों की बिक्री प्रतिबंधित की जाए, जिससे कृषक हित में नकली दवाइयां पर रोकथाम लगे। नकली दवाई बेचने वालों के साथ-साथ ऐसी कम्पनियों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाए। अगर खेती में नकली दवाइयां पर रोकथाम ना होने पर ऐसी कंपनियों के विरुद्ध प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवार यह स्वयं कंपनीया व प्रशासन होगा। इस दौरान राजेंद्र गुर्जर, कटार सिंह, राधेलाल त्यागी, मोनू त्यागी, अनिल हूण, लीले प्रधान आदि।

# क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह ने क्षेत्र भृमण कर सुनी जनसमस्याएं

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** कराला पालड़ी क्षेत्र से क्षेपं सदस्य निर्वाचित होने के बाद फौजी फतेह सिंह करायत ने अपने क्षेत्र में क्षेत्र भृमण शुरू कर जनसमस्याओं को सुनना आरंभ कर दिया है।

साथ ही विभिन्न गांवों में पहुंचकर जनता का आभार भी जताने लगे हैं। वही क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर लोगों को जल्द प्रमुख समस्याओं का समाधान देने का भरोसा भी दिया ।कहा कि एक सैनिक होने के साथ साथ वह एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी भी है ।क्षेत्र की जनता ने जो भरोसा जताया है उस पर वे अडिग होकर जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेंगे ।कहा कि पालडीछीना, झिरोली, जैनकरास, और नैणी गांव में पहुंचकर बैठक कर जनसमस्याओं के निदान हेतु संवाद स्थापित कर क्षेत्रीय जनता की जनसमस्याओं के लिए निस्वार्थ भाव से जनसेवा करना प्राथमिकता है ।साथ ही अपनी पूर्व मांगो को लेकर क्षेत्र में पक्की सड़कें, पालडी छीना-कनगाडछीना मोटर मार्ग, नैणी गांव तक स्थानीय विधायक पार्वती दास के सहयोग से शीघ्र सड़क का निर्माण कराए जाने, और क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के लिए लगातार कार्य करने की बात कही। उन्होंने लोगों से जनसमस्याओं की अनदेखी किए जाने पर क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए जरूरत पड़ने पर पुनः आमरण अनशन करने की आवश्यकता होने पर पुनः आंदोलन शुरू करने की भी बात कही। इस दौरान चन्द्र दत्त तिवाड़ी, विशन दत्त तिवाडी सुलीलाधर, दया किशन तिवाड़ी, प्रयाग दत्त जोशी, दया किशन जोशी, नन्दा वल्लभ, गणेश दत्त, माधवानन्द दीपक तिवाडी, गंगा दत्त तिवाडी, ललित तिवाड़ी, पुष्पा देवी, दीपा तिवाडी, जानकी देवी, नीमा तिवाडी, जीवन्ती देवी आदि मौजूद थे।

# डॉ के एन मोदी कॉलेज में जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** स्थानीय डॉ॰ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में दो दिवसीय जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें लोनी क्षेत्र, गाजियाबाद क्षेत्र, मुरादनगर क्षेत्र एवं मोदीनगर क्षेत्र के अंडर-19 बालक, अंडर-17 बालक वर्ग के भारोत्तोलक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का आरम्भ कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना का परिचय देते हुए खेलने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने किया। अंडर-19 बालक वर्ग की 60 किलोग्राम कैटगरी में दीपक गाजियाबाद, 65 किलोग्राम कैटेगरी में उमंग मुरादनगर, 79 किलोग्राम में वंश शर्मा मोदीनगर, 88 किलोग्राम में कार्तिक मोदीनगर तथा 110 किलोग्राम भार वर्ग में अकरम गाजियाबाद प्रथम स्थान पर रहे। बालक वर्ग की अंडर-17 प्रतिस्पर्धा के 50 किलोग्राम भार वर्ग में कार्तिक गाजियाबाद, 56 किलोग्राम भार वर्ग में कार्तिक गाजियाबाद, 65 किलोग्राम भार वर्ग में वंश मोदीनगर, 79 किलोग्राम भार वर्ग में आशु मोदीनगर, ,88 किलोग्राम भार वर्ग में तरुण मोदीनगर तथा 94 किलोग्राम भार वर्ग में हनी मोदीनगर प्रथम स्थान पर रहे।

विजयी टीम 3.9.2025 को संत श्री विनोबा भावे इंटर कॉलेज वैदपुरा गौतम बुद्ध नगर में मंडल स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, कॉलेज के खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह ,गौरव त्यागी, लै राजीव जांगिड़,गाजियाबाद क्षेत्र के कोच विक्रम सिंह, मुरादनगर क्षेत्र के कोच संजीव शर्मा, मोदीनगर क्षेत्र के कोच राजीव सिंह, जयवर्धन सिंह, बाबूराम ,आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कनौजिया ग्रुप द्वारा डॉ.अरुण त्यागी को सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य के पुरस्कार से सम्मानित किया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य शिक्षाविद डॉ. अरुण त्यागी को कनौजिया ग्रुप द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित किया गया। कनौजिया ग्रुप के अध्यक्ष मनोज कनौजिया ने कहा कि डॉ. अरुण त्यागी खेल, शिक्षा,लेखन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को राष्ट्रीय ही अंतराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलवा रहे हैं हमें उनके कार्यों व कार्य प्रणाली पर गर्व है उनके द्वारा राष्ट्रहित में किया जा रहे कार्य अपने आप में बेमिसाल है हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से छाया पब्लिक स्कूल को जो आशीर्वाद मिला उससे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है इस अवसर पर कनौजिया ग्रुप की चेयरपर्सन अर्चना कनौजिया, प्रीति डागर, प्रीती मेहता, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने अपराधियों पर कसा शिकंजा,32 वांछित और वारंटी गिरफ्तार






**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद की पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 27 और 28 अगस्त की रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 11 वांछित और 21 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार ने रिजर्व पुलिस लाईन सभागार मे प्रेसवार्ता कर बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। गिरफ्तार आरोपियों में भवानीगंज थाना क्षेत्र से मिठाईलाल, खेसरहा थाना क्षेत्र से फूलचंद उर्फ छांगुर और परमेश्वर शामिल हैं। कठेला थाना क्षेत्र से हरिवंश उर्फ हरवेश कुमार, दतरंगवा से प्रकाश साहनी और आजादनगर से शहीद को गिरफ्तार किया गया। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र से कुनमुन और प्रदीप कुमार उर्फ अजोरे को पकड़ा गया। उसका बाजार थाना क्षेत्र से प्रकाश लोध उर्फ प्रभुदयाल लोध और संतोशी उर्फ संतोष गिरफ्तार हुए। बांसी थाना क्षेत्र से राकेश, संतराम, रामू गौड़, रामरूप, सुरेंद्र, रामदीन, रामशरण और धमालू को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के अनुसार ये सभी अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे थे। कई अभियुक्तों के खिलाफ अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी था। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में खलबली मच गई है।

## राजकुमार गोयल इन्सी0ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट में ओरियंटेशन 2025 कार्यक्रम सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**





**गाजियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** राजकुमार गोयल इन्सी0ऑफ टैक्नोलोजी एण्ड मैनेजमेन्ट में वर्ष 2025-26 के नये छात्र-छात्राओं का ओरियन्टेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसका उदघाटन कॉलिज की वाईस चेयर वूमन श्रीमति ऑचल गोयल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कॉलेज के ग्रुप एडवाईजर डा0 लक्ष्मण प्रसाद, डायरेक्ट डा0 राकेश गोयल एवं डीन एकेडमी डा0 मनोरमा शर्मा, डा0 अरूण कुमार पाण्डे, निधि गर्ग, मनीष कुमार, डा0 आभा वत्स, संदीप सिंह, डा0 राशि सक्सैना, खुशबू पाण्डे, नेहा काम्बोज आदि ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हे प्रोत्साहित किया। श्रीमति ऑचल गोयल वाईस चेयरवूमन आर0के0जी0ग्रुप ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बडे सपने देखें, बाधाओं से सीखें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कडी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी कोर्स आज की जरूरत है, जिसके लिए छात्रों को मैनेजेंट की ओर से पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रुप एडवाईजर कॉलेज, डायरेक्टर, डीन ऐकेडमिक ने संयुक्त रूप से बच्चों को अनुशासन के साथ निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया और आने वाले चार सालों के लिए कोर्स के प्रति समर्पित रहकर अपनी स्किल्स को निखारने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान विभागीय प्रमुख, सभी शिक्षकगण और सहायक स्टाफ मौजूद रहें।

## गणपति पर घर में पधारे बप्पा, मची धूम



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी।** मुम्बई ठाणे वेस्ट स्थित बिल्डिंग श्री संकल्प फ्लैट नंबर 604 में बुधवार को गणपति पर वीरेंद्र तिवारी के घर में बप्पा का आगमन बड़े ही धूमधाम से हुआ।गुरुवार की भोर में पंडित द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजा-पाठ कर के वीरेंद्र तिवारी व नीलम तिवारी को संकल्प दिलवाकर गणेश प्रतिमा का पट खोला गया।पट खुलते ही गणपति बप्पा मोरया की धूम मचा गया और बिल्डिंग में रहने वाले लोग व परिवार के सदस्यों द्वारा धमाल मचाया गया।परिवार के सदस्य व अन्य लोग बारी-बारी से बप्पा का दर्शन कर मग्न हो गए।देर शाम बप्पा का पंडित द्वारा मंत्रोच्चार के बाद हवन पूजन कर उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरण किया गया।

## यूरिया की किल्लत, किसान परेशान:तस्कर के पास मिली 30 बोरी खाद; नेपाल भेजने की तैयारी



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** किसानों को यूरिया खाद के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। थाना मोहाना पुलिस, नायब तहसीलदार सदर और एसएस बी 43वाहिनी ककरहवा की संयुक्त टीम ने ग्राम पतीला में छापेमारी की। अवैध खाद भंडारण करने वाले एक व्यक्ति पर गुरुवार को कड़ी कार्रवाई हुई। एसएसबी ककरहवा, मोहाना पुलिस और तहसीलदार सदर की संयुक्त टीम ने ग्राम पतीला में तस्करी के लिए भंडारित 30 बोरी यूरिया खाद बरामद किया। जिसे जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला कृषि अधिकारी के हवाले कर दिया गया है। मोहाना थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि खाद तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना एसएसबी ककरहवा, मोहाना पुलिस और तहसीलदार सदर की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पतीला में धर्मराज पुत्र श्याम चरण के घर में अवैध रूप से भंडारित 30 बोरी यूरिया खाद बरामद किया गया। जिसके खिलाफ जिला कृषि अधिकारी द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।।बरामद करने वाली वाली टीम में एसएसबी बीओपी ककरहवा के एसिस्टेंट कमांडेंट कैलाश दान, नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव, ककरहवा चौकी इंचार्ज एसआई वीरेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार चौकी, सत्येंद्र यादव आदि शामिल रहे।

## डिप्टी सीएम ने गैरहाजिर डॉक्टरों पर कार्रवाई के दिए निर्देश




**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और डॉक्टरों की अनियमितता पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सख्त रुख अपनाया है। लगातार बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। डिप्टी सीएम ने अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सिद्धार्थनगर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अधीन तैनात डॉक्टरों के विरुद्ध अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। मंत्री ने बताया कि संबंधित डॉक्टरों को एक माह का नोटिस जारी कर दिया गया है और उनके खिलाफ बर्खास्तगी की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। सिद्धार्थनगर में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बीच यह कार्रवाई की गई है।

## अधिवक्ता संग कथित मारपीट का मामला, पुलिस पर गंभीर आरोप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में अधिवक्ता विपिन कुमार (पुत्र विजय कुमार, चैंबर नं. ए-111 सिविल कोर्ट, राजनगर) ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए थाना विजय नगर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं, विजयनगर इंस्पेक्टर ने सभी आरोपों को निराधार और झूठा बताते हुए कहा कि किसी के साथ कोई मारपीट नहीं हुई है और कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की गई है। अधिवक्ता विपिन कुमार का कहना है कि 24 अगस्त 2025 की सुबह 9 बजे उन्हें परिचित सतीश का फोन आया, जिसके बाद वे प्रताप विहार स्थित बुद्ध विहार पहुँचे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि घरेलू विवाद के चलते अरुण और उसकी पत्नी सीमा को विजय नगर थाने में बंद कर दिया गया है। सूचना पर वे लगभग 11:15 बजे थाने पहुँचे और अरुण-सीमा को छोड़े जाने की अपील की।

## धोखाधड़ी के मामले मे फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**चिल्हिया/ सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया पुलिस ने वृहस्पतिवार को एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी वासुदेव प्रसाद जायसवाल को कन्दवा बाजार से गिरफ्तार किया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह कार्रवाई की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी पवीन प्रकाश के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। चिल्हिया थाने में मुकदमा संख्या 81/2025 के तहत आरोपी की तलाश की जा रही थी। यह मामला धारा 318 (3)/ 316(5) /336(2) बीएनएस और 3/7 ईसी एक्ट से जुड़ा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी वासुदेव प्रसाद जायसवाल कन्दवा बाजार का रहने वाला है। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक शारदा प्रसाद और हेड कॉन्स्टेबल वासिद अली की टीम शामिल रही। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को न्यायालय में पेश किया। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# इंडी गठबंधन के पिटारे से, हर तीसरे दिन निकलता एक नया सांप


एन0के0शर्मा

**वेलकम इंडिरूया एन0के0शर्मा**

भारतीय लोकतंत्र आज ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ विश्व की निगाहें उस पर टिकी हुई हैं। एक ओर भारत नई आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक ऊँचाइयों पर पहुँच रहा है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष का तथाकथित इंडी गठबंधन अपने खोखले अस्तित्व को बचाने के लिए हर तीसरे दिन एक नया सांप पिटारे से निकालकर जनता के सामने फेंक देता है। यह सांप कोई वास्तविक राजनीतिक विकल्प नहीं, बल्कि भ्रामक आरोपों, आधे-अधूरे तथ्यों, और प्रचारित भय की जहरीली उपज हैं।

**1. गठबंधन की खतरनाक राजनीति:** इंडी गठबंधन का असली चेहरा लोकतंत्र की चिंता नहीं, बल्कि सत्ता की भूख है। इनके लिए लोकतंत्र केवल एक ढाल है, जिसके पीछे छिपकर यह सत्ता में वापसी का षड्यंत्र रचते हैं।

यह गठबंधन जनता की आशाओं को मृगमरीचिका की तरह दिखाता है—दूर से चमकदार, पर पास जाकर शून्य। विकास, नवाचार और स्थिर शासन जैसे ठोस मुद्दों पर यह गठबंधन मूक और निष्क्रिय है। इनकी पूरी राजनीति भ्रमित करो, बांटो और शोर मचाओ की रणनीति पर आधारित है।

**2. सांपों का जहर और भ्रम का खेल** हर तीसरे दिन निकले ये सांप दरअसल तीन स्तरों पर वार करते हैं:

1. संस्थागत विष झ संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाकर जनता के विश्वास को तोड़ना।

2. सामाजिक विष झ जाति-धर्म की आग भड़काकर समाज को टुकड़ों में बाँटना।

3. राजनीतिक विष झ सरकार के हर कदम पर बिना आधार के प्रश्न उठाकर भ्रम और अशांति पैदा करना।

ये सांप केवल डराने के लिए नहीं हैं, बल्कि इनका जहर लोकतंत्र की नसों में फैलाया जाता है, ताकि जनता भविष्य से निराश हो और अराजकता ही विकल्प लगे।

3. अंतर्विरोधी गठबंधन झ सत्ता का बाजार

इंडी गठबंधन की सबसे बड़ी विडंबना उसका आंतरिक विरोधाभास है। एक राज्य में कट्टर शत्रु रहे दल, दूसरे राज्य में मजबूरी के साथी बन जाते हैं। जिनके घोषणापत्र एक-दूसरे से टकराते हैं, वे राष्ट्रीय विकल्प के नाम पर साथ खड़े दिखाई देते हैं। इनके पास न साझा एजेंडा है, न साझा नेतृत्व, और न ही कोई दीर्घकालिक दृष्टि। यह गठबंधन वास्तव में सत्ता का बाजार है, जहाँ दल और नेता अपने स्वार्थ के अनुसार साझेदारी बदलते रहते हैं।

4. जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात जनता का ध्यान बार-बार असली मुद्दों से हटाकर सांपों का तमाशा दिखाना लोकतंत्र के साथ विश्वासघात है।जब रोजगार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूल प्रश्न उठते हैं, तो गठबंधन के नेता चुप्पी साध लेते हैं। परंतु जब मीडिया की सुर्खियाँ चाहिए, तो वे एक नया विवाद, एक नया आरोप, और एक नया सांप जनता के सामने फेंक देते हैं। यह राजनीति न केवल अपरिपक्व है, बल्कि खतरनाक भी—क्योंकि यह जनता के धैर्य और विश्वास दोनों को कमजोर करती है।

5. अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य

विश्व राजनीति में यह साफ समझा जाता है कि स्थिरता और विश्वसनीयता किसी भी राष्ट्र की ताकत होती है। जहाँ एक ओर भारत अपने कूटनीतिक संतुलन, आर्थिक प्रगति और वैश्विक मंच पर नेतृत्व की भूमिका से उभर रहा है, वहीं विपक्षी गठबंधन की यह अराजक राजनीति भारत की अंतर्राष्ट्रीय छवि को धूमिल करने का प्रयास करती है। विदेशी शक्तियाँ हमेशा ऐसे ही क्षणों की प्रतीक्षा करती हैं, जब आंतरिक राजनीति अस्थिरता और अविश्वास का माहौल पैदा करे।

इस दृष्टि से इंडी गठबंधन की यह राजनीति केवल आंतरिक नुकसान नहीं, बल्कि एक प्रकार से राष्ट्रहित के विरुद्ध रणनीति बन जाती है।

6. जनता के लिए चेतावनी

जनता को यह समझना होगा कि हर तीसरे दिन निकाले जाने वाले ये सांप केवल भ्रम का खेल हैं।

यह गठबंधन कोई ठोस विकल्प नहीं देता, केवल सत्ता में लौटने की हताशा दर्शाती है।

यह राजनीति भारत की प्रगति को रोकने और समाज में अविश्वास का विष घोलने का षड्यंत्र है। इंडी गठबंधन का पिटारा धीरे-धीरे खुल चुका है। जनता यह देख रही है कि इसमें से हर तीसरे दिन केवल सांप ही निकलते हैं—सांप जो लोकतंत्र को डसते हैं, समाज को विभाजित करते हैं और राष्ट्र की प्रगति को रोकते हैं। भारत को ऐसे विषैले सांपों से बचाकर, एक स्थिर, दूरदर्शी और विकासोन्मुख नेतृत्व पर भरोसा करना होगा। अन्यथा, यह गठबंधन हमारे लोकतंत्र के लिए वही होगा जो छिपा हुआ नाग—धीरे-धीरे, पर निश्चित रूप से, प्राणघातक।

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ 1 सितंबर से प्रदेश भर में चलाएगा स्वदेशी जनजागरण अभियान

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद**। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की गाजियाबाद महानगर की बैठक आज मदन स्वीट्स में आयोजित हुई जिसमें व्यापार प्रकोष्ठ गाजियाबाद के संयोजक और सहसंयोजकों के साथ जिले के वरिष्ठ व्यापारियों ने प्रतिभाग किया।बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन पर 1 सितंबर से पूरे प्रदेश में स्वदेश जन जागरण अभियान शुरू करने का संकल्प लिया गया।

मुख्य अतिथि एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक श्री विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि 1 सितंबर से 10 सितंबर तक हर जिले के हर प्रमुख बाजार में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा साथ ही स्वदेशी अपनाने एवं विदेशी सामानों का बहिष्कार करने के लिए पेंपलेट वितरित किए जाएंगे। इसके बाद 11 सितंबर से 25 सितंबर तक 15 दिनों को चौपाल लगाई जाएगी। इसमें व्यापारियों को ज्यादा से ज्यादा देश में निर्मित सामान बेचने और लोगों से ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी सामान खरीदने की अपील की जाएगी। विनीत शारदा ने कहा कि व्यापारिक गोष्ठियों के आयोजन के साथ साथ 1 अक्टूबर से 1 दिसम्बर तक हर जिले में बड़े व्यापारिक सम्मेलन होंगे जिनमें देश एवं प्रदेश के मंत्री एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने आजादी से पहले जो स्वदेशी अपनाने का आंदोलन शुरू किया आज आजादी के 78 वर्ष बाद मोदी जी ने 15 अगस्त को लाल किले की धरती से जनता को स्वदेशी जनजागरण कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वाहन किया। स्वदेश भारत की आत्मा है। जब भारत की जनता देश में निर्मित कपड़े, जूते,घड़ी,मोबाइल फोन, लैप टॉप आदि ही इस्तेमाल करेगी तो इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और जल्द ही भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।मोदी जी द्वारा जीएसटी के स्लैब को सरल कर केवल 18 और 5 प्रतिशत किए जाने के प्रस्ताव से व्यापारी वर्ग बहुत उत्साहित है। ॠ र ळ की दरे कम होने से देश का स्वदेशी बाजार में रौनक चार गुनी भर जाएगी भारत के लघु एवं कुटीर उद्योग को संजीवनी प्राप्त होगी ! भाजपा के फायर ब्रांड विनीत शारदा ने कहां पूर्व की समाजवादी और कांग्रेस की सरकारों द्वारा देश और प्रदेश में कायम जंगलराज, भय और डर के माहौल को योगी जी और मोदी जी की सरकार ने खतम करके भाजपा सरकार में कानून का राज स्थापित कर भयमुक्त, रामराज वाली सरकार दी है।अब माफिया, आतंकवादी और लुट, खसोट करने वाले अपराधी या तो जेल में है या फिर परलोक पहुंच गए है या उत्तर प्रदेश छोड़ने पर मजबुर हो गए ! विपक्ष की तुष्टिकरण की राजनीति का खात्मा भाजपा की सबका साथ सबका विकास की राजनीति ने कर दिया है। भाजपा ने व्यापारियों के लिए 10 लाख का एक्सिडेंट बीमा , प्रधानमंत्री मुद्रा योजना , मैक इन इंडिया स्टार्टअप कोशल विकास योजना ,5 लाख का आयुष्मान योजना ओर देश प्रदेश में चहुमुखी विकास, व्यापारी कल्याण बोर्ड की स्थापना, नए नए एक्सप्रेस वे, सुलभ रेल मार्ग, सुलभ हवाई मार्ग उपलब्ध करवाए और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण से व्यापार की बढ़ोतरी हुई है।

विनीत शारदा ने कहा कांग्रेस ओर समाजवादी पार्टी के ऊ ठ अ में ओरगजेव ओर जिन्ना है जिन्हे हर बात में तुष्टिकरण ही सूझता है हर वक़्त झूट बोलना इनकी फितरत बन चुका है इनकी राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है भाजपा के कार्यकर्ता के जिस्म में भगवान राम ओर कृष्ण बस्ते है। आज भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित स्वदेशी जन जागरण अभियान कार्यक्रम में आज महानगर अध्यक्ष श्रीमान मयंक गोयल जी, व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक श्री विनोद गुप्ता जी और प्रदेश के सहसंयोजक सुनील राम जी, व्यापारी नेता एवं समाज सेवी देवेंद्र हितकारी जी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में व्यापार प्रकोष्ठ महानगर के संयोजक अनुज मित्तल जी, सहसंयोजक अनिल अग्रवाल सांवरिया जी, सहसंयोजक विपिन गोयल जी मंडल संयोजक योगेश शर्मा जी, रघुवीर सिंह सोनी जी, प्रवीण शर्मा जी, कुंज बिहारी जी, नवीन गौतम जी, राजेश गुप्ता जी, संदीप यादव जी, प्रमोद गर्ग जी एवं अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन अनिल अग्रवाल सांवरिया ने किया।

## गाज़ियाबाद पुलिस थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक ने महिला का खोया सोने का कड़ा 24 घंटे के भीतर बरामद कर लौटाया



वेलकम इंडिया

गाज़ियाबाद पुलिस थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक ने अपनी सतर्कता और तत्परता का परिचय देते हुए एक महिला का खोया हुआ सोने का कड़ा मात्र 24 घंटे के भीतर बरामद कर उसे सौंप दिया। कड़े का वजन लगभग 20 ग्राम बताया जा महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका सोने का कड़ा कहीं गिर गया है। शिकायत मिलते ही पुलिस टीम के उप निरीक्षक मोहित कुमार एवं उनकी टीम ने सक्रिय हुई और क्षेत्र में मोर सुपरमार्केट में गहन तलाश की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने कड़ा बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद कड़ा महिला को विधिवत रूप से सौंपा गया। महिला एवं उनके परिवार ने गाज़ियाबाद पुलिस का आभार जताया।

**पुलिस का बयान:** जनता की सुरक्षा और उनकी संपत्ति की रक्षा हमारी ज़िम्मेदारी है। हर शिकायत हमारे लिए महत्वपूर्ण है, और त्वरित कार्रवाई हमारी प्राथमिकता।

## करोड़ों की परियोजनाओं पर सीडीओ की सख्ती

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में गुरवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिले में चल रही विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और उनकी प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों ने सीडीओ को अवगत कराया कि सीएमआईएस पोर्टल पर एक करोड़ से अधिक लागत वाली कुल 301 परियोजनाएं दर्ज हैं, जिन पर 22 कार्यदायी संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इनमें से 151 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं जबकि 137 परियोजनाओं पर अभी कार्य जारी है। जुलाई माह में 14 परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा से पीछे थीं, जबकि वर्तमान में ऐसी 13 परियोजनाएं हैं जो विलम्बित श्रेणी में दर्ज हैं। इन सभी पर तेजी से कार्य कराया जा रहा है ताकि इन्हें शीघ्र पूरा किया जा सके। विलम्बित परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लोक निर्माण विभाग, एचएससीसी इंडिया लिमिटेड, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद, सीएण्डडीएस एसयू-31, उत्तर प्रदेश जल निगम (रूलर), उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग गाजियाबाद, मेरठ व बुलन्दशहर गंगा नहर खण्ड तथा यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड की योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर की गंगा जल पेयजल योजना अब तक आरम्भ नहीं हो पाई है। सीडीओ अभिनव गोपाल ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयान्तराल के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जो परियोजनाएं निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं, उनमें अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य की गति तेज की जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी परियोजना का कार्य अनावश्यक रूप से विलम्बित नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित कार्यदायी संस्थाओं और अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी और कारण बताओ नोटिस जारी किये जाएंगे। सीडीओ ने जोर देकर कहा कि जनता को विकास कार्यों का लाभ समय पर मिलना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि विकास परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी हों और जिले की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस समीक्षा बैठक में आईएएस अयान जैन, डीएसटीओ राजीव श्रीवास्तव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान में अब युवाओं की सक्रिय भागीदारी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। भारतीय राजनीति का बहुचर्चित मुद्दा एक राष्ट्र, एक चुनाव अब नए आयाम ले रहा है। भाजपा इस विचार को आगे बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चला रही है, जिसमें अब छात्र और युवा वर्ग भी सक्रिय रूप से जुड ? लगा है। इसी कड़ी में गाजियाबाद भाजपा कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अभियान के क्षेत्रीय सह संयोजक एवं प्रभारी प्राजवल चौहान ने की। बैठक में प्राजवल चौहान ने बताया कि सितम्बर के पहले सप्ताह में लखनऊ में छात्र नेता सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से सैकड़ों छात्र और युवा नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य की राजनीति और समाज की दिशा युवा तय करेंगे, इसलिए यह आवश्यक है कि वे इस महत्वपूर्ण विषय को समझें और समाज में इसकी जानकारी फैलाएँ। अभियान के महानगर समन्वयक सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव व्यवस्था न केवल समय और धन की बचत करेगी, बल्कि शासन-प्रशासन की कार्यक्षमता को भी बढ़ाएगी। लगातार चुनावों से देश का बड़ा हिस्सा राजनीतिक गतिविधियों में उलझा रहता है, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं। जिला समन्वयक दिनेश सिंघल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अलग-अलग समय पर चुनाव होने से समाज में तनाव और विभाजन बढ़ता है, जबकि एक साथ चुनाव सभी को एकजुट कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करेगा।

## गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की अनोखी पहल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। पुलिस आयुक्त के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पुलिस बल की सुरक्षा और कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक अभूतपूर्व पहल की गई है। ₹कवचर₹ की टीम द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों (महिला एवं पुरुष) को सेल्फ डिफेंस का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जा रहा है। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून-व्यवस्था श्री आलोक प्रियदर्शी और पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के तहत गुरुवार को महिला पुलिस कर्मियों और 29 अगस्त को पुरुष पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कुल 200 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इस प्रशिक्षण का संचालन सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी, प्रियाश्री पाल द्वारा किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य पुलिस कर्मियों को आपात स्थितियों में स्वयं को सशक्त बनाना और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत करना है।

कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक, आत्मरक्षा कौशल और तनाव मुक्त वातावरण में कार्य करने की विधियों को शामिल किया गया है। ₹कवच टैक्टिकल कॉम्बैट सिस्टम इंडिया₹ के संस्थापक व मुख्य प्रशिक्षक वरुण रावत और सह-संस्थापक/लीड इंस्ट्रक्टर दिव्या पंवार के साथ अन्य 5 सदस्य इस प्रशिक्षण को संचालित कर रहे हैं। कवच बीते 10 वर्षों से अधिक समय से भारतीय सेना इकाइयों, कमांडो प्रशिक्षण केंद्रों, सीआईएसएफ, उत्तराखंड पुलिस, हरियाणा पुलिस और रेलवे कमांडो यूनिट को भी प्रशिक्षित कर चुका है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून-व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि आज के दौर में पुलिस कर्मियों के लिए केवल हथियार ही नहीं, बल्कि आत्मरक्षा के आधुनिक कौशल भी बेहद जरूरी हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें जनता की सुरक्षा में और अधिक प्रभावी बनाएगा।

## स्मार्ट मीटर सही रिडिंग रिकॉड कर रहा है, कोई कमी नहीं: दीपक अग्रवाल

**गाजियाबाद**। विद्युत विभाग के मुख्य अभियन्ता (वितरण) गाजियाबाद क्षेत्र-तृतीय, दीपक अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह से सही रिडिंग दर्ज कर रहे हैं और इनमें किसी भी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी नहीं है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को आधुनिक स्मार्ट टेक्नोलॉजी के माध्यम से मीटर रीडरों से मुक्ति दिलाते हुए ऑनलाइन विद्युत भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। गाजियाबाद जिले में लगभग 11 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं, जिनमें से अब तक करीब 1 लाख उपभोक्ताओं के यहां यह मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता अपनी विद्युत खपत की निगरानी (मॉनिटरिंग) स्वयं कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी) इंद्रजीत सिंह टीटू ने जताई चिंता

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। देश में हो रही अत्यधिक वर्षा और उसके चलते आमजन व किसानों को हो रहे भारी नुकसान को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी) इंद्रजीत सिंह टीटू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर किसानों की हालत पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की है कि किसानों की हिम्मत बनाए रखने और उनके नुकसान की भरपाई के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएँ। इंद्रजीत सिंह टीटू ने पत्र में लिखा है कि इस समय पूरे देश के अलग-अलग हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा हो रही है, जिसके कारण खेतों में पानी भर गया है। इससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों बर्बाद हो रही हैं। फसलें चौपट हो जाने से किसान अपने परिवार का गुजारा करने और कर्ज चुकाने में असमर्थ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के साथ-साथ किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती उनकी बर्बाद होती मेहनत और टूटते हौसले की है। यही कारण है कि सरकार को तुरंत हस्तक्षेप कर नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करनी चाहिए। टीटू ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि वे सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को आदेशित करें कि प्रत्येक जिले में विशेष टीम का गठन किया जाए, जो किसानों के नुकसान का आकलन कर सके और भरपाई का रास्ता निकाल सके। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में किसानों को सहारा देना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, ताकि वे दोबारा पूरे उत्साह और शक्ति से खेती में जुट सकें। टीटू ने पत्र में भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी का हवाला देते हुए कहा कि देश की तरक्की का रास्ता किसान के खेत से होकर निकलता है। उन्होंने प्रधानमंत्री से उम्मीद जताई कि इस विचार को ध्यान में रखते हुए किसानों के नुकसान की भरपाई पर तुरंत निर्णय लिया जाएगा। इंद्रजीत सिंह टीटू ने अपने इस पत्र की प्रति माननीय कृषि मंत्री, भारत सरकार को भी भेजी है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार किसानों के दुख को समझेगी और उन्हें राहत प्रदान करेगी।

## जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर फेडरेशन और आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। राजनगर एक्सटेंशन की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और क्षेत्र को बीमारियों व प्रदूषण से बचाने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में गुरुवार को फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन और विभिन्न आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों की बैठक प्राधिकरण अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। बैठक जीडीए उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के दिशा-निर्देश पर आयोजित की गई। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि प्राधिकरण की ओर से सोसाइटियों से निकलने वाले कूड़े के निस्तारण हेतु एक अधिकृत फर्म नियुक्त की गई है। इसके बावजूद कई सोसाइटियों से कूड़ा अनधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से उठवाया जाता है। ये लोग कचरे को सड़कों के किनारे और खाली स्थलों पर फेंक देते हैं, जिससे न केवल साफ-सफाई व्यवस्था बिगड़ती है बल्कि मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इसके साथ ही यह वातावरण प्रदूषण की समस्या को भी जन्म देता है। फेडरेशन और विभिन्न आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने बैठक में जीडीए अधिकारियों को आश्वस्त किया कि आगे से सभी सोसाइटियों में यह सहमति बनाई जाएगी कि केवल प्राधिकरण से अधिकृत फर्म को ही कूड़ा उठाने का कार्य सौंपा जाएगा। इससे न केवल निस्तारण की प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित होगी बल्कि क्षेत्र में गंदगी और प्रदूषण की समस्या पर भी अंकुश लगेगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने कहा कि यह कदम न केवल सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहायक होगा बल्कि राजनगर एक्सटेंशन को स्वच्छ और स्वस्थ आवासीय क्षेत्र बनाने में भी बड़ी भूमिका निभाएगा।